प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



क्या नेपाल में राजनीतिक स्थिरता ला पाएगा यह आम चुनाव? पेज- 2

बिरसा मुंडा सेवा विद्यालय में हुआ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 67 | बुधवार 25 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## पीएम मोदी के नेतृत्व में 'सेवा तीर्थ' से शासन के नए युग की शुरुआत, कैबिनेट ने देशवासियों की सेवा का लिया संकल्प

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नये प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) परिसर में अपनी पहली बैठक में यह संकल्प



लिया कि सेवा तीर्थ में लिया गया हर निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवा–भाव से प्रेरित होगा और राष्ट्र–निर्माण के व्यापक लक्ष्य से जुड़ा होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में, यह संकल्प भी लिया गया कि संवैधानिक मूल्य उस नैतिक प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है, जो शासन को नागरिक की गरिमा, समानता और न्याय से जोड़ती है। सेवा तीर्थ की कार्य–संस्कृति में यही भावना निहित होगी, जहां हर नीति संविधान की मूल भावना के अनुरूप होगी और हर निर्णय देशवासियों की आकांक्षाओं के प्रति उत्तरदायी होगा। यह बैठक एवं यह भवन नये भारत के नवनिर्माण की एक स्पष्ट अभिव्यक्ति है। एक बयान के मुताबित, इस शुरूआत के साथ, हम उस भविष्य का स्वागत कर रहे हैं, जिसके निर्माण में सदियों का श्रम लगा है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) साउथ ब्लॉक में इतने दशकों तक सरकारों ने विरासत को संभाला और भविष्य के सपने देखे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कहा कि 'सेवा तीर्थ' नए भारत के नवनिर्माण की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति है। आजादी के बाद दशकों तक साउथ ब्लॉक से संचालित शासन व्यवस्था के बाद यह परिसर स्वदेशी सोच, आधुनिक स्वरूप और अनंत सामर्थ्य वाले भारत की संकल्पना को मूर्त रूप देता है। मंत्रिमंडल ने इस स्थान के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि 'सेवा तीर्थ' उन अस्थायी बैरकों के स्थान पर निर्मित हुआ है जो ब्रिटिश काल में बने थे। इस स्थल पर राष्ट्र संचालन के आधुनिक केंद्र का निर्माण नए भारत के कायाकल्प का प्रतीक माना गया। इसमें कहा गया है, हमने एक ऐसे भारत के सपने देखे, जिसकी सोच स्वदेशी हो, स्वरूप आधुनिक हो, और सामर्थ्य अनंत हो। आज यह सेवातीर्थ उसी संकल्पना का वह मूर्त रूप है जो लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत के गौरव को बढ़ाएगा।

## प्रौद्योगिकी उद्योग का राजस्व चालू वित्त वर्ष में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 315 अरब डॉलर रहेगा : नैसकॉम

(एजेंसी) मुंबई। भारतीय प्रौद्योगिकी उद्योग का राजस्व वित्त वर्ष 2025–26 में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 315 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। नैसकॉम ने मंगलवार को यह बात कही। उद्योग संगठन ने वित्त वर्ष 2024–25 के राजस्व अनुमान को पूर्व के282.6 अरब डॉलर से बढ़ाकर 297 अरब डॉलर कर दिया है। नैसकॉम ने कहा कि चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2025–26 में राजस्व वृद्धि मामूली रूप से बढ़कर 6.1 प्रतिशत हो गई है, जो वित्त वर्ष 2024–25 में 5.9 प्रतिशत थी। नैसकॉम के अध्यक्ष राजेश नांबियार ने कहा कि उद्योग अब भी शुद्ध रूप से रोजगार देने वाला बना हुआ है और कुल कर्मचारियों की संख्या वित्त वर्ष 2025–26 में 2.3 प्रतिशत बढ़कर 59.5 लाख होने का अनुमान है, जो गत वित्त वर्ष में 58.2 लाख थी। नांबियार ने कहा कि वित्त वर्ष 2025–26 में प्रौद्योगिकी उद्योग द्वारा शामिल किए गए नए कर्मचारियों की संख्या 1.35 लाख है जो वित्त वर्ष 2024–25 के 1.33 लाख से थोड़ी अधिक है। कृत्रिम मेधा (एआई) पर अधिक ध्यान दिए जाने की पृष्ठभूमि में नैसकॉम ने कहा कि क्षेत्र के कुल राजस्व में से 10–12 अरब डॉलर नई पीढ़ी के प्रौद्योगिकी समाधान से आते हैं।

# राहुल गांधी का केंद्र पर हमला, कहा- पहली बार नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया

## देश के हितों से किया समझौता

(एजेंसी) भोपाल। भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में कांग्रेस ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के जवाहर चौक पर 'किसान महाचौपाल' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि यह समझौता किसानों, छोटे व्यापारियों और देश की आर्थिक संप्रभुता के खिलाफ है। सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी केंद्र सरकार की नीतियों को किसानों के लिए नुकसानदायक बताया। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि "हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया।" उन्होंने आरोप लगाया कि वे चीन की कथित घुसपैठ के मुद्दे पर अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन उन्हें अवसर नहीं दिया गया। राहुल ने कहा कि उन्होंने लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की पुस्तक का उल्लेख किया था, जिसमें कथित तौर पर लिखा गया है कि चीनी घुसपैठ के दौरान सेना को पर्याप्त राजनीतिक समर्थन नहीं मिला। उन्होंने सवाल उठाया, "प्रधानमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर किसके आदेश पर 40 लोगों पर फायरिंग हुई? क्या ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री ही लेते हैं?" राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि संकट की घड़ी में प्रधानमंत्री ने सेना प्रमुख से सीधे संवाद नहीं



किया और स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि, उन्होंने इन दावों के समर्थन में कोई आधिकारिक दस्तावेज मंच से प्रस्तुत नहीं किया। राहुल गांधी ने भारत–अमेरिका ट्रेड डील को लेकर कहा कि "मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की है।" उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते के कारण किसानों के हितों से समझौता हुआ है और देश का डेटा भी विदेशी कंपनियों के हाथों में जाने का खतरा है। उन्होंने कहा कि भारत की सरकार पहले बड़ी विदेशी कंपनियों को सोयाबीन, कपास और मक्का जैसे कृषि उत्पादों के जरिए भारतीय बाजार में प्रवेश नहीं देना चाहती थी, क्योंकि इससे घरेलू किसानों को नुकसान हो सकता था। राहुल ने दावा किया कि पिछले चार महीनों से इस मुद्दे पर चर्चा ठप थी और वे लोकसभा में केवल पूर्व सेना प्रमुख की बात नहीं, बल्कि इस व्यापार समझौते से जुड़े व्यापक मुद्दों को उठाना चाहते थे। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि इस समझौते पर "दबाव" में निर्णय लिया गया है। हालांकि, उन्होंने अपने आरोपों के संबंध में विस्तृत प्रमाण सार्वजनिक नहीं किए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह समझौता भारत और अमेरिका के बीच नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुआ समझौता है। पटवारी ने कहा, "अगर यह समझौता देश के हित में होता, तो किसानों और आम जनता को नुकसान नहीं होता।" उन्होंने पूर्व में हुए किसान कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस तरह किसानों के लंबे आंदोलन के बाद केंद्र सरकार को कानून वापस लेने पड़े, उसी तरह इस मुद्दे पर भी सच्चाई सामने आएगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार किसानों की आवाज उठा रहे हैं और भोपाल में महाचौपाल आयोजित करना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाएगी। पटवारी ने बताया कि 20 तारीख को राहुल गांधी ने स्वयं उनसे कार्यक्रम भोपाल में आयोजित करने की संभावना पर चर्चा की थी। उन्होंने दावा किया कि सभा में उमड़ी भीड़ कांग्रेस के प्रति जनता के समर्थन को दर्शाती है। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 1965–66 में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की अवधारणा को आगे बढ़ाया था। उन्होंने दावा किया कि किसानों का कर्ज माफ करने जैसे कदम भी कांग्रेस सरकारों ने उठाए हैं। सिंघार ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित ट्रेड डील का सबसे ज्यादा असर मध्य प्रदेश के किसानों पर पड़ेगा। उन्होंने विशेष रूप से दुग्ध उत्पादकों का जिक्र करते हुए कहा, "अगर विदेशों से दूध का आयात बढ़ता है, तो प्रदेश के लाखों दुग्ध उत्पादक किसानों का क्या होगा?" उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर ऐसी नीतियां बना रही है जिससे किसानों की प्रतिस्पर्धा बड़े विदेशी उत्पादकों से होगी। भोपाल की 'किसान महाचौपाल' ऐसे समय में आयोजित हुई है जब भारत–अमेरिका व्यापार संबंधों और कृषि क्षेत्र पर संभावित प्रभाव को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर बहस तेज है। कांग्रेस इस मुद्दे को किसान हितों और आर्थिक स्वायत्तता से जोड़कर सरकार को घेरने की रणनीति अपना रही है। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से अब तक इस महाचौपाल में लगाए गए आरोपों पर औपचारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। सरकार पहले भी यह कह चुकी है कि किसी भी व्यापार समझौते में भारत के किसानों और उद्योगों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। कांग्रेस नेताओं ने संकेत दिए कि यदि सरकार ने ट्रेड डील की शर्तों को सार्वजनिक नहीं किया और किसानों की चिंताओं का समाधान नहीं किया, तो पार्टी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन तेज करेगी। भोपाल की इस सभा को कांग्रेस आगामी चुनावी रणनीति और किसान मुद्दों पर व्यापक जनसंपर्क अभियान की शुरुआत के रूप में देख रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ट्रेड डील और कृषि से जुड़े मुद्दे आने वाले महीनों में राजनीतिक विमर्श का प्रमुख विषय बन सकते हैं। अब नजर इस बात पर है कि केंद्र सरकार इन आरोपों का क्या जवाब देती है और क्या व्यापार समझौते के विवरण सार्वजनिक किए जाते हैं।

# पीएम मोदी के इस्राइल दौरे को लेकर कांग्रेस का आरोप

## -फलस्तीनियों को बेसहारा छोड़ दिया गया है

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित इस्राइल दौरे से पहले कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने फिलिस्तीनियों को "बेसहारा छोड़ दिया" है और इस संवेदनशील समय में इस्राइल की यात्रा करना भारत की पारंपरिक विदेश नीति के विपरीत है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सरकार फिलिस्तीन के समर्थन की बात तो करती है, लेकिन व्यवहार में उसका रुख "दिखावटी और पाखंडपूर्ण" है। प्रधानमंत्री मोदी 25 फरवरी को दो दिवसीय यात्रा पर इस्राइल पहुंचेंगे। इस दौरान वे इस्राइली संसद 'नेसट' को संबोधित करेंगे और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू तथा राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग से मुलाकात करेंगे। लेकिन कांग्रेस का कहना है कि यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब गाजा और वेस्ट बैंक की स्थिति अत्यंत गंभीर है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में कहा कि गाजा में नागरिकों पर इस्राइली हमले जारी हैं और वेस्ट बैंक में हजारों फिलिस्तीनियों को बेदखल और विस्थापित किए जाने की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने दावा किया कि इन कार्रवाइयों की वैश्विक स्तर पर निंदा हो रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि इस्राइल और अमेरिका ईरान पर संभावित हवाई हमलों की योजना बना रहे हैं, जिससे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ सकता है। उनके अनुसार, ऐसे समय में भारत के प्रधानमंत्री का इस्राइल दौरा करना कई सवाल खड़े करता है। जयराम रमेश ने अपने बयान में प्रधानमंत्री मोदी और इस्राइली



प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के व्यक्तिगत संबंधों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ऐसे समय में "अपने दोस्त नेतन्याहू को गले लगाने" जा रहे हैं, जब उन पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं और इस्राइल की आंतरिक राजनीति भी उथल–पुथल से गुजर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेतन्याहू की सरकार इस्राइल में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस का दावा है कि वहां का विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी के संसद संबोधन का बहिष्कार करने की चेतावनी दे चुका है, यदि प्रोटोकॉल के तहत सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख को आमंत्रित नहीं किया गया। कांग्रेस ने अपने बयान में भारत की ऐतिहासिक विदेश नीति का भी जिक्र किया। जयराम रमेश ने याद दिलाया कि भारत उन शुरुआती देशों में शामिल था, जिन्होंने 18 नवंबर 1988 को फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी थी। उन्होंने कहा कि दशकों तक भारत ने फिलिस्तीन के समर्थन में स्पष्ट और सुसंगत रुख अपनाया था। रमेश के अनुसार, मौजूदा सरकार ने इस संतुलित नीति से दूरी बना ली है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार फिलिस्तीन के समर्थन में औपचारिक बयान तो देती है, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर उसका झुकाव पूरी तरह इस्राइल की ओर दिखाई देता है। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा इस्राइल की घरेलू राजनीति में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। वहां के कुछ विपक्षी दलों ने चेतावनी दी है कि यदि संसद संबोधन से जुड़े प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया तो वे भारतीय प्रधानमंत्री के भाषण का बहिष्कार कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, विपक्ष की आपत्ति इस बात को लेकर है कि सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख को औपचारिक रूप से आमंत्रित किया जाए। यह विवाद इस्राइल में न्यायपालिका की भूमिका और सरकार के साथ उसके संबंधों को लेकर चल रही बहस से जुड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी की इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान रक्षा, तकनीक, कृषि, जल प्रबंधन और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा होने की संभावना है। भारत और इस्राइल के बीच पिछले कुछ वर्षों में रणनीतिक साझेदारी मजबूत हुई है, खासकर रक्षा और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत इस्राइल के साथ अपने संबंधों को और गहरा करना चाहता है, लेकिन साथ ही पश्चिम एशिया में संतुलन बनाए रखना भी उसकी विदेश नीति का अहम हिस्सा रहा है। ऐसे में फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत का रुख अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजर में महत्वपूर्ण माना जाता है। कांग्रेस के आरोपों को राजनीतिक बयानबाजी के रूप में भी देखा जा रहा है, क्योंकि विदेश नीति पर विपक्ष और सरकार के बीच लंबे समय से मतभेद रहे हैं। भाजपा और सरकार की ओर से अभी तक कांग्रेस के आरोपों पर औपचारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री का इस्राइल दौरा घरेलू राजनीति और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति दोनों स्तरों पर चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां एक ओर सरकार इसे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का अवसर मान रही है, वहीं कांग्रेस इसे भारत की पारंपरिक विदेश नीति से विचलन के रूप में पेश कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के 25 फरवरी को इस्राइल पहुंचने के साथ ही यह विवाद और तेज हो सकता है। उनके संसद संबोधन और नेतन्याहू के साथ मुलाकात पर सबकी नजर रहेगी। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि भारत फिलिस्तीन के मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से क्या रुख अपनाता है। कुल मिलाकर, इस्राइल दौरे ने एक बार फिर भारत की पश्चिम एशिया नीति को राजनीतिक बहस के केंद्र में ला खड़ा किया है। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट होगा कि यह विवाद केवल बयानबाजी तक सीमित रहता है या फिर विदेश नीति पर व्यापक चर्चा का रूप लेता है।

## नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले ऑर्केस्ट्रा बार के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे : फडणवीस

(एजेंसी) मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि नियमों का बार–बार उल्लंघन करने पर ऑर्केस्ट्रा बार के लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे और इस संबंध में जल्द ही कानून में संशोधन किया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार ने डांस बार पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून बनाया था लेकिन उच्चतम न्यायालय ने उक्त कानून को संविधान के विरुद्ध करार देते हुए रद्द कर दिया था। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान इस मुद्दे पर चल रही चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि संबंधित कानून में बदलाव किया गया था जिसके तहत बार को ऑर्केस्ट्रा लाइसेंस देने का प्रावधान किया गया था। फडणवीस ने कहा, अदालत ने महिलाओं को बार में काम करने की अनुमति दी और हमने नियमों में संशोधन करके उन्हें और सख्त बना दिया। लेकिन फिर भी पनवेल (नवी मुंबई) जैसे इलाकों में उल्लंघन की शिकायतें आ रही हैं। उन्होंने कहा, नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के अनुसार हम तीन से चार बार उल्लंघन के



मामलों की सुनवाई करेंगे और उन पर कार्रवाई करेंगेय बार–बार उल्लंघन करने पर ऑर्केस्ट्रा बार के लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द कर दिए जाएंगे। इस संबंध में जल्द ही एक संशोधन पेश किया जाएगा। यह संशोधन इसी सत्र में पेश किया जाएगा या अगले विधायी सत्र में। फडणवीस ने कहा कि सरकार डांस बार को पूरी तरह से बंद करना चाहती थी लेकिन ऐसा नहीं किया जा सका, क्योंकि डांस बार के मालिक ऑर्केस्ट्रा लाइसेंस की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा, श्हमने सख्त नियमों के साथ ऑर्केस्ट्रा के लिये अनुमति दी थी लेकिन शिकायतें आ रही हैं।

## बरसाना में दुल्हन की तरह सजीं सखियां, लड्डूमार होली शुरू,अबीर की मटकी-लड्डू लेकर पहुंचीं

(एजेंसी) मथुरा। मथुरा के बरसाना में होली का रंग उत्सव शुरू हो गया है। आज राधारानी (लाडलीजी) मंदिर में लड्डूमार होली खेली जा रही है। इससे पहले समाज गायन हुआ। इसके बाद भक्तों ने गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया। मंदिर परिसर में रंग–अबीर उड़ रहा। महिलाएं और बच्चे भजन पर नृत्य कर रहे हैं। दोपहर में बरसाना की सखियां दुल्हन की तरह सज–धजकर सिर पर अबीर की मटकी और लड्डू लेकर नंदबाबा मंदिर पहुंचीं। सखियों ने नृत्य किया और फाग गीत गाए। नंदबाबा मंदिर में लड्डू लुटाए गए। लड्डूमार होली के लिए बरसाना, वृंदावन, मथुरा, गोवर्धन और नंदगांव में करीब 100 क्विंटल लड्डू तैयार किए गए हैं। शगुन के लड्डू लाडलीजी मंदिर की रसोई में बनाए गए। रंग के लिए टेसू के फूलों का उपयोग किया गया है। जिसके लिए मध्यप्रदेश, राजस्थान और हरियाणा से 1 हजार क्विंटल फूल मंगवाए गए। इन्हें मंदिर की छत पर बनी सफेद छतरी से लुटाया जा रहा। लड्डूमार होली देखने और खेलने के लिए 10 लाख श्रद्धालु बरसाना पहुंचे हैं। इनमें विदेशी टूरिस्ट भी शामिल हैं।

## दिल्ली: मेट्रो के आगे कूद कर राजस्थान के 45 वर्षीय व्यक्ति ने दी जान

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो के उत्तम नगर पूर्व स्टेशन पर 45 वर्षीय व्यक्ति ने आज ट्रेन के आगे कथित रूप से कूद कर अपनी जान दे दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्टेशन नियंत्रक से पूर्वाह्न 10 बजकर 12 मिनट पर सूचना मिली की एक व्यक्ति मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूद गया। मेट्रो के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) कुशल पाल सिंह ने बताया, यह घटना सुबह नौ बजकर 50 मिनट पर उस समय हुई जब शख्स प्लेटफॉर्म से पटरियों पर कूद गया और ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान राजस्थान के महाराज के तौर पर हुई है जो घरों में रंगाई–पुताई का काम करता था और अपनी रिश्तेदार की शादी में शिरकत करने के लिए दिल्ली आया था।शुरुआती जांच में पता चला है कि सिंह कई साल से अवसाद से पीड़ित था और उसका यहां राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज जारी था। डीसीपी ने कहा कि सिंह सोमवार को अस्पताल भी गया था। अधिकारी ने बताया, सिंह के परिवार में पत्नी, 18 वर्षीय बेटी और 17 और 20 साल के दो बेटे हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल भेजा गया है।



# सम्पादकीय

## पुरस्कार की राजनीति

जैसा कि सर्वविदित है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एसआईआर के मुद्दे पर मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव लाने की तैयारी में हैं। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि सूत्रों के अनुसार इसके लिए तमाम विपक्षी दलों से भी संपर्क में हैं। वह कोशिश कर रही है कि जल्द ही सभी विपक्षी पार्टियों के बीच इस मसले पर एक राय बन जाए। यह घोषणा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और चुनाव आयोग के तीन टॉप अधिकारियों के बीच चुनाव आयोग के दिल्ली ऑफिस में हुई कहा–सुनी के एक दिन बाद हुई है। इस बात की पुष्टि करते हुए, तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने पत्रकारों से कहा कि ज्ञानेश कुमार का वोटर लिस्ट साफ करने का तरीका गलत था। हम चीफ इलेक्शन कमिश्नर पर महाभियोग चलाने पर विचार कर रहे हैं क्योंकि जिस तरह से वह एसआईआर को कंडक्ट कर रहे हैं, वह गलत है और देश के हर नागरिक के वोटिंग अधिकारों पर असर डालता है। वहीं अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नए राजनीतिक दांव की तो मालूम हो कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनंत महाराज को राज्य के सर्वोच्च सम्मान बंगा विभूषण से सम्मानित किया है। राजनीतिक के जानकार ममता बनर्जी के इस फैसले को राजनीति से भी प्रेरित बता रहे हैं। कहा जा रहा है कि अनंत महाराज को बंगा विभूषण सम्मान से सम्मानित करने का फैसला आगामी चुनाव में उनके समुदाय से जुड़े मतदाताओं को ध्यान रखकर लिया गया है। चुनाव से ठीक पहले ममता बनर्जी अपने इस दांव से भाजपा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही हैं। राज्यसभा सांसद अनंत महाराज राजवंशी समुदाय से आते हैं। और इस समुदाय का एक बड़ा जनाधार है। आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल में राजवंशी समुदाय अनुसूचित जाति का प्रतिनिधित्व करता है। जो उत्तरी बंगाल में केंद्रित है. खासकर कूच बिहार, जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग, मालदा और मुर्शिदाबाद जैसे जिलों में और उत्तरी बंगाल में, वे मतदाताओं का 30 प्रतिशत हिस्सा हैं, जो कई विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त हैं। इतना ही नहीं राजवंशी को उत्तर बंगाल में एक महत्वपूर्ण स्विंग समुदाय माना जाता है,जहां न तो टीएमसी और न ही भाजपा सीटों की संख्या बरकरार रखने के लिए हार का जोखिम उठा सकती है। करीब 15–26 विधानसभा सीटों पर उनका प्रभाव है, जहां उनकी मौजूदगी नतीजों पर असर डाल सकती है। सूत्रों के अनुसार अनंत महाराज को सम्मान देना इसलिए भी किसी को आश्चर्य में नहीं डाल रहा है क्योंकि ममता बनर्जी पहले भी उनकी तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ा चुकी थीं। ममता बनर्जी अलग–अलग मौकों पर अनंत महाराज के संपर्क में भी रहीं थी। कई बार तो उनकी तरफ दोस्ती का हाथ भी बढ़ाया था. ऐसा माना जा रहा है कि इन सब के पीछे की वजह राजवंशी समुदाय के मतदाता हैं, जो आगामी विधानसभा में एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।


नफीस जाफरी

## सांप्रदायिक भावनाओं के कारण तनाव

राजनेताओं को स्वार्थ से उठ कर समस्या पर विचार करना चाहिए। समाज में सांप्रदायिक भावनाओं के कारण व्यक्तिगत रिश्ते तनाव में आ रहे हों, तब थोपी गई एकता कारगर नहीं हो सकती। जरूरत पहले सामाजिक दुराव खत्म करने की है। पिछले महीने मणिपुर चूराचंदपुर में 31 वर्षीय मयंगलम्बम सिंह का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी, जब वे अपनी मंगेतर से मिलने गए थे। मंगेतर कुकी–जो समुदाय की थी। उस हृदय–विदारक घटनाक्रम में इक–ी भीड़ ने युवती को वहां से जाने दिया। उसके बाद मयंगलम्बम सिंह को मार डाला गया। हत्यारों ने दया की भीख मांगते उस व्यक्ति का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर प्रचारित किया। इस घटना से जाहिर हुआ था कि पौने तीन साल से जारी हिंसा ने मैतेई और कुकी समुदायों में किस हद तक दुराव पैदा किया है। उस घटना के बाद मीडिया में आई रिपोर्टों से संकेत मिला है कि सांप्रदायिक नफरत का ये जहर किस हद तक फैला चुका है। असर इतना घातक है कि अब विवाहित मैतई और कुकी दंपती अपने को मुसीबत में पा रहे हैं। ऐसे कई सामने आए मामले हैं, जिनमें ऐसे दंपतियों पर तलाक लेने का दबाव उनके समुदाय के लोगों ने बनाया हैं। उनमें कई दंपतियों की कई संतानें भी हैं। कुछ मामले तो ऐसे हैं, जिनमें पति– पत्नी हिंसा भड़कने के बाद से अलग रहने को मजबूर हैं। हैरतअंगेज है कि राजनीतिक दलों को समाज में उभरी ऐसी विभाजक प्रवृत्तियों की फिक्र नहीं है। इन हालात को नजरअंदाज करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने इस महीने मणिपुर में नई सरकार बनाई। उसके बाद से राज्य में हिंसा का नया दौर आया हुआ है। चूराचांदपुर, उखरुल और अन्य कुकी बहुल इलाकों में आगजनी, पथराव, पुलिस से झड़प आदि जैसी अनेक घटनाएं हुई हैं। कुकी–जो समुदाय के लोग अपनी बहुलता वाले इलाको को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग कर रहे हैं। यानी वे मणिपुर का हिस्सा नहीं रहना चाहते, जिसमें मैतेई बहुसंख्यक हैं। राजनेताओं को थोड़े समय के लिए स्वार्थ से उठ कर इस समस्या पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि जब समाज में सांप्रदायिक भावनाओं के कारण व्यक्तिगत रिश्ते तनाव में आ गए हों, तब ऊपर से थोपी गई राजनीतिक एकता कारगर नहीं हो सकती। अतरू जरूरत पहले सामाजिक दुराव खत्म करने की है। इसे जितना नजरअंदाज किया जाएगा, स्थितियां उतनी ही विकट होती जाएंगी।


## बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा ''पोषण भी-पढाई भी'' अभियान के अंतर्गत आंगनबाडी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

न्यूज वाणी ब्यूरो /फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा ''पोषण भी–पढाई भी'' अभियान के अंतर्गत आंगनबाडी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ पंचायत रिसोर्स सेंटर डबरई में किया गया, मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी ने कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आंगनबाडी केन्द्र बच्चों की नींव मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते है, उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य आगनबाडी केन्द्रों पर बच्चों के बेहतर पोषण के साथ–साथ उनके मानसिक विकास और प्रारम्भिक शिक्षा को सुढ़ करना है, उन्होने कहा कि प्रशिक्षण के आगामी दो दिनों में आगनबाडी कार्यकत्रियों को विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों और आधुनिक शिक्षण विधियों से अवगत कराया जाएगा, ताकि वह अपने–अपने क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर सके। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास, खेल–खेल में शिक्षा देने के तरीके और पोषण सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तृत रूप से दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी वीरेन्द्र कुमार एवं अंजू शर्मा उपस्थित रही।

# क्या नेपाल में राजनीतिक स्थिरता ला पाएगा यह आम चुनाव?


गुलफिशा खान

नेपाल में 5 मार्च को होने जा रहे आम चुनाव से पहले राजनीतिक दलों ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी नेपाली कांग्रेस ने अपना चुनाव घोषणापत्र जारी किया, बता दें कि सितंबर 2025 के जेन–जी आंदोलन में केपी ओली के नेतृत्व वाली ही सरकार गिर गई थी। विदित हो कि नेपाल में 16 फरवरी से चुनावी अभियान जारी है। चुनाव प्रचार से जुड़ी गतिविधियां चुनाव की तारीख से तीन दिन पहले खत्म हो जाएंगी। नई सरकार बनेगी और उसके साथ ही कई सवालों के जवाब भी तलाशे जाएंगे। यह चुनाव 2008 में राजशाही की समाप्ति के बाद नेपाल के सबसे अहम चुनावों में गिना जा रहा है। 2008 में नेपाल आधिकारिक तौर पर राजशाही से गणराज्य बना था, जब नेपाल को संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया। उसके बाद से देश लगातार राजनीतिक अस्थिरता, गठबंधन सरकारों और भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझता रहा है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि यह चुनाव पिछले साल हुए युवाओं के नेतृत्व वाले जेन जी एंटी–करप्शन प्रदर्शनों के बाद हो रहा है, जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार को गिरा दिया और संसद भंग करने की नौबत ला दी। सितंबर 2025 के ये प्रदर्शन नेपाल की राजनीति में एक बड़ा मोड़ माने जा रहे हैं। सोशल मीडिया के जरिए संगठित इस आंदोलन में युवाओं ने जवाबदेही, पारदर्शिता और आर्थिक सुधार की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने जवाबदेही, पारदर्शिता और आर्थिक सुधार की मांग की. इस आंदोलन में शामिल रहे कई लोग पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। उम्मीदवार नेपाल की युवा आबादी की उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करने की सोच के साथ मैदान में हैं। उनका मानना है कि 2022 से अब तक लगभग दस लाख नए वोटर्स रजिस्टर हुए हैं, और युवा वोट नतीजे को अहम बना सकते हैं। मुख्य दावेदारों में काठमांडू के पूर्व मेयर, 35 साल के बालेंद्र शाह हैं, जिन्हें "बालेन" के नाम से जाना जाता है। वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के प्रतिनिधि हैं, जिसे पूर्व टेलीविजन प्रस्तोता रबी लामिछाने ने 2022 में शुरू किया था.35 साल के इंजीनियर बालेन रैपर से




राजनीतिज्ञ बने हैं और माना जाता है कि इनकी युवाओं के बीच पकड़ अच्छी है। इन्हें भविष्य के प्रधानमंत्री के तौर पर भी प्रोजेक्ट किया जा रहा है और वे ओली के खिलाफ झापा–5 चुनाव क्षेत्र में उनके सामने हैं। इस बीच, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट) का नेतृत्व 73 साल के ओली कर रहे हैं, जो अभी भी एक ताकतवर हस्ती हैं। एक और पूर्व प्रधानमंत्री, पुष्प कमल दहल प्रचंड (71), लेट पार्टियों के एक प्लेटफॉर्म, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के को–ऑर्डिनेटर हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी, नेपाली कांग्रेस की कमान अब गगन थापा (49) के हाथ में है, जिन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की जगह ली है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) भी मौजूद है, जो राजशाही की समर्थक है, और पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह को अभी भी कुछ जगहों पर समर्थन मिल रहा है। 1990 के पीपुल्स मूवमेंट ने संवैधानिक राजशाही और मल्टीपार्टी डेमोक्रेसी शुरू होने से पहले, नेपाल पर 240 साल तक शाह वंश का शासन था। माओवादी विद्रोहियों के साथ 2006 के शांति समझौते के बाद, नेपाल राजशाही से 2008 में एक फेडरल डेमोक्रेटिक रिपब्लिक बन गया। तब से, नेपाल राजनीतिक अस्थिरता, बार–बार सरकार बदलने और घोटालों से जूझ रहा है। भारत के नेपाल से भरोसे का रिश्ता हमेशा से ही रहा है। शिक्षा, व्यापार, और पावर सेक्टर से लेकर सामाजिक और सांस्तिक क्षेत्र में आपसी संबंध काफी मजबूत रहे हैं। हालिया वर्षों में चीन की नेपाल में दखलअंदाजी बढ़ी. खासकर काठमांडू की उस समय की माओवादी सरकार के साथ ट्रेड को लेकर समझौते हुए। 2017 में बीजिंग के साथ बड़ा बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) हमेशा सुर्खियों में रहा। दिसंबर 2024 में, प्रधानमंत्री के तौर पर अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान, ओली ने बीआरआई सहयोग के लिए चीन के साथ एक फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किए थे। इसका मकसद बीआरआई के तहत आने वाले प्रोजेक्ट्स और सहयोग को गाइड करना है–जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और इकोनॉमिक सहयोग शामिल है–जिसकी मियाद तीन साल तक तय की गई, हालांकि इसे बढ़ाए जाने की गुंजाइश भी छोड़ी गई। वैसे इसे लागू करने में काफी देरी हुई है, और अभी तक कोई बड़ा प्रोजेक्ट फाइनल नहीं हुआ है, जिससे इस पहल के असर को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसके अलावा, श्रीलंका के साथ भी कुछ वित्तीय कारणों से डील सहज नहीं हो पाई है। ये सब कुछ नई सरकार के लिए किसी कसौटी से कम नहीं है। मार्च 2026 का चुनाव इस बात की कसौटी माना जा रहा है कि क्या नेपाल की युवा पीढ़ी पारंपरिक राजनीतिक ढांचे को बदल सकती है या क्या ये नतीजे नेपाल की विदेश नीति को भी नई दिशा दे पाएंगे?

# इमरान ख़ान से क्या थी डील जो हो गई फ़ेल?


फ़रीद वारसी

भारत के महानतम कप्तानों में गिने जाने वाले कपिल देव और सुनील गावस्कर ने इमरान खान की आंखों को लेकर बयान दिया तो पाकिस्तान की सरकार ने फिर एक बार बचकाना बयान जारी किया है। इस बार पाकिस्तान के गृह मंत्री ने इमरान खान की सेहत को लेकर लीपापोती की कोशिश की है। इससे पहले पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटरों वसीम अकरम और वकार यूनुस ने भी इमरान खान की सेहत को लेकर चिंता जताई थी तो पाकिस्तान के कानून मंत्री ने कह दिया था कि चिंता की कोई बात नहीं है। मालूम हो कि इमरान खान की खराब सेहत के कारण पाकिस्तानी सरकार की फजीहत पूरी दुनिया में हो रही है। दुनिया के दिग्गज क्रिकेटरों के इमरान खान के समर्थन में आने के बाद पाकिस्तान सरकार और सेना काफी दबाव में है। सरकार की तरफ से मंत्री अलग–अलग बयान दे रहे हैं और मामला गरमाता जा रहा है। इसी बीच खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने इमरान खान को छुड़ाने के लिए फोर्स बनाने की घोषणा दी तो पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने उन्हें चेतावनी जारी की है। इस्लामाबाद की स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी की कुर्सी खतरे में है। उन्होंने हाल ही में घोषित रिलीव इमरान खान फोर्स को असंवैधानिक और अवैध बताया। प्रमुख पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज ने आसिफ के हवाले से कहा, केपी के मुख्यमंत्री ने अपनी नौकरी बचाने के लिए इस फोर्स का गठन किया है। संघीय सरकार के अलावा किसी को भी कोई फोर्स बनाने का अधिकार नहीं है। रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान तहरीक –ए–इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान को विदेश या इस्लामाबाद के बानी गाला स्थित उनके आवास पर स्थानांतरित करने के बारे में किसी भी चर्चा से इनकार किया। उन्होंने कहा, शायद सुविधाओं के संबंध में बातचीत हुई होगी, और इस बात पर जोर दिया कि कुछ लोग इस तरह की बातों के जरिए अपना धंधा चलाने की




कोशिश करते हैं। आसिफ की ये टिप्पणियां मुख्यमंत्री अफरीदी द्वारा अगस्त 2023 से जेल में बंद पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए गठित बल की घोषणा के बाद आईं। यह घोषणा 18 फरवरी को पीटीआई और बहुदलीय विपक्षी गठबंधन तहरीक तहफ़ुज़–ए–ऐय्यीन पाकिस्तान (टीटीएपी) के सांसदों द्वारा इस्लामाबाद में संसद भवन में अपना कई दिनों का धरना वापस लेने के बाद की गई। सुप्रीम कोर्ट के बाहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अफरीदी ने कहा कि जेल में बंद पीटीआई के संस्थापक ने उन्हें सड़क आंदोलन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अदालत के निर्देशों को कूड़ेदान में फेंका जा रहा है और दावा किया कि इमरान खान को अभी भी उनके निजी डॉक्टरों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। अफरीदी ने आगे कहा कि नवगठित बल का औपचारिक पंजीकरण किया जाएगा और यह शांतिपूर्ण संघर्ष का मार्ग अपनाएगा। उन्होंने बताया कि बल के सदस्य ईद–उल–फितर के बाद पेशावर में शपथ लेंगे। उन्होंने कहा कि बल एक स्पष्ट चेन ऑफ कमांड के तहत काम करेगा और इमरान खान यह तय करेंगे कि कमान की जिम्मेदारी कौन संभालेगा। अफरीदी ने कहा कि संघर्ष शुरू करने से पहले तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी और उन्होंने जोर देकर कहा कि यह आंदोलन संविधान की सर्वोच्चता, लोकतंत्र और स्वतंत्र मीडिया की वकालत करेगा। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं, जब उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी पाए जाने के बाद लाहौर स्थित उनके आवास से गिरतार किया गया था। वह वर्तमान में रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में बंद हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के एक करीबी सहयोगी ने कहा है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को दो बार "समझौते" की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री के राजनीतिक मामलों के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने बुधवार शाम एक 'टॉक शो' में खुलासा किया, "पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान के साथ समझौता करने के लिए अतीत में दो गंभीर प्रयास किए गए थे, लेकिन वे विफल रहे." सनाउल्लाह ने कहा, "पहला प्रयास संघीय गृह मंत्री मोहसिन नकवी और खैबर पख्तूनख्वा के तत्कालीन मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर के नेतृत्व में 26 नवंबर, 2024 से पहले किया गया था, और दूसरा प्रयास हाल ही में विदेश के कुछ लोगों द्वारा किया गया था। इमरान खान ने शुरू में सहमति जताई थी लेकिन बाद में समझौते से पीछे हट गए।" उन्होंने कहा, "हम इस समस्या का राजनीतिक समाधान चाहते हैं, लेकिन खान कोई रास्ता निकालने को तैयार नहीं हैं।" पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएलएन) के प्रमुख नवाज शरीफ के करीबी सहयोगी सनाउल्लाह ने आगे कहा कि खान मौजूदा सरकार को हटाना और खुद सत्ता में आना चाहते हैं। सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने गुरुवार को सरकार और जेल में बंद इमरान खान के बीच किसी भी तरह की डील के बारे में मीडिया की अटकलों को पूरी तरह से खारिज कर दिया। एक्स पर शेयर किए गए एक बयान में, तरार ने कहा, "इमरान के लिए न तो कोई डील हुई है और न ही कोई नरमी बरती जा रही है।" उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री को रियायतें देने की कोई भी धारणा "पूरी तरह से झूठी और गुमराह करने वाली" है।

# एआई यानि बदलनी होगी पढ़ाई

प्रेम शर्मा

आज के बदलते दौर में, विशेषकर एआई के उदय के बाद, पारंपरिक बीए, बीकॉम, बीएससी, थिएटर आर्ट्स, फैशन डिजाइनिंग, और पत्रकारिता जैसी कई डिग्रियां, जिनमें व्यावहारिक कौशल की कमी है, बेकार साबित हो सकती हैं। ये डिग्रियां केवल कागजी साबित होती हैं, अगर इसके साथ इंटर्नशिप या व्यावहारिक ज्ञान न हो। केवल सैद्धांतिक शिक्षा नौकरी नहीं दिलाती। कई पारंपरिक नौकरियां अब एआई द्वारा की जा रही हैं। वैसे भी इस दौर में कुछ विषय अब प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। वैसे भी वर्तमान समय में एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग भारत में 15 लाख स्कूल, 85 लाख से अधिक प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक और प्रतिवर्ष 26 करोड़ से अधिक छात्र स्कूल प्रणाली में दाखिला लेते हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में, प्रतिवर्ष 1000 से अधिक विश्वविद्यालयों और 42000 कॉलेजों में 4 करोड़ से अधिक छात्र दाखिला लेते हैं। हालांकि, भारतीय शिक्षा प्रणाली में निश्चित पाठ्यक्रम, पुरातन शिक्षा वितरण मॉडल और स्थिर परीक्षा अवधारणाएं हावी हैं। इससे शिक्षा और समकालीन कार्य कौशल के बीच एक गहरी खाई पैदा हो गई है। ऐसी स्थिति में यादि यदि डिग्री के साथ हुनर नहीं है तो वह सिर्फ एक कागज का टुकड़ा है। यही कारण है कि केवल डिग्री के सहारे रोजगार खोजने वाले लगभग कई करोड़ लोग आज भी बेरोजगारों की श्रेणी में खड़े है। हमारी शिक्षा प्रणाली का पाठ्यक्रम काफी पुराना हो चुका है और इस पर कई बार चर्चा हो चुकी है, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया है। मौजूदा पाठ्यक्रम की बात करें तो यह तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रहा है, और यही कारण है कि यह आज के बेहद उन्नत वैश्विक उद्योग के अनुरूप नहीं है। अधिकत्तर पाठ्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों का जिक्र ही नहीं होता, बल्कि वही पुरानी बातें दोहराई जाती हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान स्नातक होने के बाद दिखता है, जब आपके पास आधुनिक कंपनियों की जरूरत के कौशल नहीं होते। यही वजह है कि रोजगार दर अभी भी इतनी कम है जबकि कार्यबल अनुपात बढ़ रहा है। कक्षा में दी गई शिक्षा और व्यावहारिक क्रियान्वयन के बीच एक स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। अपने चुने हुए क्षेत्रों में, कई भारतीय स्नातक वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को तैयार नहीं पाते हैं। जबकि तेजी से बदलती भू–राजनीतिक परिस्थितियों में दुनिया भर में अभी सबसे ज्यादा जोर आधुनिक तकनीकों के विकास और इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा नवाचार के प्रयोग पर दिया जा रहा है। सभी देश अपनी विकास नीतियों में अद्यतन तकनीकों को अपना रहे हैं और पारंपरिक तरीके से होने वाले बहुत सारे कामों का स्वरूप अब बदल रहा है। खासतौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानी एआइ के फैलते दायरे ने वैश्विक स्तर पर कामकाज के तौर–तरीकों और उसमें इंसानी भूमिका पर व्यापक असर डाला है। एआई तकनीक के चलते अमरीका और चीन ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियॉ हासिल कर ली है। वर्तमान समय में तकनीक के मामले में जितनी तेज रफ्तार से नवाचार का प्रयोग हुआ है, सभी जरूरी क्षेत्रों में एआइ का दायरा फैला है, उसमें इस पर चर्चा जरूरी हो जाती है कि इसकी संभावनाओं और उम्मीदों के साथ–साथ इससे जुड़ी आशंकाओं पर भी विचार हो। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि विकास के किसी स्वरूप से अंतिम तौर पर आम लोग प्रभावित होते हैं और कोई भी तकनीक इसी कसौटी पर देखी जाएगी कि उससे मनुष्य का कितना समग्र हित सुनिश्चित हो सका और दुनिया की ज्यादातर आबादी के लिए वह कितनी उपयोगी साबित हुई।यह एक जगजाहिर तथ्य है कि दुनिया आज तकनीकी विकास के अगले चरण में प्रवेश कर चुकी है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसका एक सबसे अहम औजार बनने जा रही है। दिल्ली में आयोजित 'इंडिया–एआइ इम्पैक्ट समिट, 2026' में इस संदर्भ में जितने आयाम सामने आए, वे बताते हैं कि दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ केंद्रित बदलाव अब विकास की नई परिभाषा गढ़ने जा रहा है। इसमें भारत की एक अहम भूमिका होगी और खासतौर पर वैश्विक दक्षिण या विकासशील देशों में इसे नेतृत्वकारी भूमिका में देखा जा रहा है। एआइ का इस्तेमाल अब केवल सुरक्षा के मुद्दे तक केंद्रित नहीं रहा बल्कि आज विकास के क्षेत्र में समावेशी, पारदर्शी तथा जिम्मेदार सुशासन के तौर पर इसकी भूमिका का विस्तार हो रहा है। जहां तक दिल्ली में हुए एआइ सम्मेलन का सवाल है, इसमें स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास के मामले में खड़ी होने वाली बाधाओं का हल निकालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को आगे बढ़ाने की जमीन तैयार करने की कोशिश की गई। यानी सम्मेलन में एआइ के जरिए समग्र विकास के क्षेत्र में संभावनाओं की नई राह तलाशने की भूमिका बनी।पिछले कुछ वर्षों के दौरान तकनीक, चिकित्सा और अन्य उत्पादों के निर्माण तथा उपयोग में एआइ का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। विकास के लगभग सभी क्षेत्र में इसकी अहमियत जिस रूप में बनती देखी जा रही है, उसके मद्देनजर भारत ने भी अभी से प्रयास शुरू कर दिए हैं, फिलहाल इस क्षेत्र में चीन और अमेरिका की कंपनियों का वर्चस्व है। निश्चित तौर पर भारत जैसे विकासशील देशों के सामने यह एक बड़ी चुनौती होगी, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी समस्या से पार तभी पाया जा सकता है, जब उसकी जटिलता को स्वीकार कर उसका सामना करने का विकल्प चुन लिया जाए। इस लिहाज से देखा जाए, तो भारत का यह रुख तकनीकी प्रतिस्पर्धा के मैदान में चुनौतियों का सामना करने की जमीन तैयार करता है कि देश एआइ से डरता नहीं है, बल्कि इसमें वैश्विक भलाई के लिए समृद्धि और भविष्य की संभावनाएं देखता है।इसमें कोई दोराय नहीं कि एआइ अब भविष्य की दुनिया का एक यथार्थ है और विकास की पटकथा तैयार करने में इसकी अहम भूमिका होने जा रही है। मगर इसके समांतर यह देखने की जरूरत होगी कि नए बनने वाले ढांचे में समाज के सभी वर्गों के हित को सुनिश्चित करने का उद्देश्य किस हद तक पूरा हो पाता है। इस संदर्भ में एआइ की बढ़ती भूमिका के दौर में बड़े पैमाने पर नौकरियों का दायरा सिकुड़ने और अवसर कम होने की जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, उसका हल निकालना एक बड़ी चुनौती होगी। यही नही हम वर्तमान समय में जिस दौर से गुजर रहे है उस दौर में प्रारम्भिक शिक्षा को ही कम्प्यूटर तकनीक से जोड़कर हाईस्कूल के बाद एआई तकनीक शिक्षा का मूल मंत्र मानकर पाठ्यक्रम तैयार करना होगा। यही नही ग्रामीण स्तर अभाव ग्रस्त शिक्षा व्यवस्था में भी अमूलचूल परिवर्तन की भूमिका में सरकार को अगर महत्ती भूमिका निभानी होगी तो देश के युवा वर्ग को एआई शिक्षा की चुनौती को स्वीकार करना होगा।

# रफ्तार और झपकी का कहररू लहरपुर में पेड़ से टकराई दूध की गाड़ी, मची चीख-पुकार



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर–लहरपुर। मंगलवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रुढा भवनाथपुर के पास एक बड़ा सड़क हादसा होते–होते बचा। बिसवां की ओर से आ रहा एक तेज रतार दुग्ध वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक विशाल पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने दिखाई मिसाल, मलबे से निकाला बाहर हादसा सुबह उस वक्त हुआ जब ज्यादातर लोग अपने दैनिक कार्यों की शुरुआत कर रहे थे। टक्कर की आवाज सुनते ही रुढा भवनाथपुर के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर दौड़ पड़े। वाहन के अंदर चालक इरफान (26) और खलासी यासीन (35) फंसे हुए थे। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और तुरंत पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। नींद की झपकी बनी हादसे की वजह! मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का मानना है कि सुबह के वक्त चालक को संभवतः नींद की झपकी आ गई थी, जिसके कारण वह वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी सीधे पेड़ में जा घुसी। घायलों का विवरणरू चालकरू इरफान (26 वर्ष), निवासी– हरदोई। खलासीरू यासीन (35 वर्ष), निवासी– हरदोई। बाल–बाल बची जान सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ब्भ्ब्) में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बताया कि सौभाग्य से दोनों को कोई गंभीर अंदरूनी चोट नहीं आई है। प्राथमिक उपचार के बाद दोपहर तक दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। ष्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई थी। ड्राइवर और खलासी दोनों सुरक्षित हैं और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। . अरविंद सिंह, कोतवाली प्रभारी।

# सारख के भविष्य ज्योति पब्लिक स्कूल में हुआ अश्वनी जैन का भव्य स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज। सारख के प्रतिष्ठित विद्यालय भविष्य ज्योति पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव भव्यता से आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि की भूमिका में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह उपस्थित रहे।विद्यालय के निदेशक सूर्य प्रताप सिंह एवं प्रबंधक आशीष प्रताप सिंह ने श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार में नामित करने के लिए पटका पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। भविष्य ज्योति पब्लिक स्कूल, सारख के निदेशक सूर्य प्रताप सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करके बताया वे विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। इसके साथ जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्यवक की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हैं। जिससे जनपद एवं नगर की प्रतिभाएं राज्य स्तर तक प्रतिभाग कर रही हैं। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को विज्ञान की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए विद्यालय के निदेशक सूर्य प्रताप सिंह एवं आशीष प्रताप सिंह के साथ अपने परिवार, समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर देश दीपक यादव, अनुजेश प्रताप सिंह, आदित्य प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।




# विवाहिता ने दी जान, मायके वाले बोले- दहेज के लिए मार दी हमारी बेटी

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर । हल्दौर के गांव खतापुर निवासी ब्रह्मपाल की बेटी की शादी छह दिसंबर 2024 को अलावलपुर में गौरव पुत्र वीर सिंह के साथ हुई थी। गौरव दमकल विभाग में है, जिसकी तैनाती आगरा में चल रही है। थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह चार बजे काजल को उसकी सास ने उठने के लिए आवाज लगाई। मगर वह नहीं उठी, इसके बाद पांच बजे फिर से आवाज लगाकर उठने के लिए कहा, जिस पर काजल बोली कि उसे सोने दे। इसके बाद भी वह नहीं उठी तो सास ने कमरे में जाकर देखा तो काजल फंदे पर लटकी मिली। परिवार वालों ने शव को फंदे से उतारा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मृतका के मायके वालों ने मृतका के पति गौरव, ससुर वीर सिंह, सास, ननद के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी है। जिसमें कहा गया कि उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। इसके बाद भी पांच लाख रुपये की डिमांड की जा रही थी, करीब दो लाख रुपया दे भी दिया गया। फिर भी ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं हुए और उत्पीड़न करते रहे। तहरीर में गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दहेज हत्या में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम .ष्टया आत्महत्या है। तहरीर के आधार पर दहेज हत्या में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मृतका के सास ससुर से पूछताछ की जा रही है।

# आरोपी पाए जाने पर मिली दस . दस साल कारावास की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर । एडीजीसी पंकज चौहान ने बताया कि थाना स्योहारा में अरशद पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी मंगलखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें कहा गया कि उसने अपनी बहन मरजिना की शादी गांव के ही सलमान पुत्र शरीफ अहमद के साथ की थी। मरजिना को दहेज की खातिर ससुराल वाले तंग करने लगे। उसका मानसिक और शारीरिक रुप से उत्पीड़न किया गया। 28 अगस्त 2021 की रात मरजिना की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपियों को गिरतार करते हुए जेल भेज दिया था। साथ ही आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर मृतका के पति सलमान, सास शबनम और ससुर शरीफ अहमद को दहेज के लिए दोषी पाया है। तीनों को दस दस साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड भी लगाया।

# लग्न की रश्म के दौरान नशे में गिरा लड़का , लड़की पक्ष ने रिश्ते से किया इन्कार

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिजनौर । ( राजा का ताजपुर ) सोमवार को ताजपुर निवासी एक युवक का लग्न–रिश्ते का कार्यक्रम एक बैंक्वेट हाल में चल रहा था। मेहमान व गांव के लोग खाना खा रहे थे। तभी जिस युवक का रिश्ता होना था वह नशे की हालत में झूमते हुए बैंक्वेट हॉल में पहुंचा और जमीन पर गिर गया। यह देख परिजन युवक को उठाकर उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। वहां शाम तक उसकी हालत में सुधार हो गया लेकिन लड़की पक्ष ने रिश्ते की रस्म निभाने से इन्कार कर दिया। इसे लेकर दोनों पक्षों में जमकर गहमागहमी रही। लड़की पक्ष ने रिश्ते में देने के लिए साथ लाए सामान को वहीं रखकर युवक के परिजनों से पूरे खर्च की मांग की। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कर दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की लेकिन युवती के परिजनों ने रिश्ता करने से साफ इन्कार कर दिया। वे सामान वहीं छोड़कर वापस चले गए।

# सिधौली: APO की 'हिटलरशाही' और भ्रष्टाचार से रोजगार सेवकों में आक्रोश, 8 माह से मानदेय ठप

## -अतिरिक्तकार्यक्रम अधिकारी पर रिश्वतखोरी और जानबूझकर भुगतान रोकने का गंभीर आरोप
## -'होली बेरंग करन' की धमकी से भड़के कर्मचारी, कार्य बहिष्कार का किया ऐलान

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। विकासखंड सिधौली में भ्रष्टाचार और तानाशाही का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। यहाँ तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (।च्व्) सुश्री अर्चना सिंह पर ग्राम रोजगार सेवकों ने अवैध वसूली, अभद्र व्यवहार और जानबूझकर मानदेय रोकने के संगीन आरोप लगाए हैं। अपनी मांगों को लेकर आक्रोशित रोजगार सेवकों ने जिलाधिकारी और उपायुक्त श्रम एवं रोजगार को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। मानदेय रोकने की रची साजिश! शिकायती पत्र के अनुसार, वीबी जी राम जी योजना के तहत कार्यरत रोजगार सेवकों को पिछले 8 महीनों से मानदेय नहीं मिला है। आरोप है कि एपीओ महोदया ने जानबूझकर अपना आधार कार्ड, ईमेल और मोबाइल नंबर पंजीकरण हेतु उपलब्ध नहीं कराया, जिसके कारण मानदेय भुगतान की प्रक्रिया निरस्त हो गई। चौंकाने



वाली बात यह है कि उन्होंने बगल के ब्लॉक कसमंडा (अतिरिक्त प्रभार) में अपना पंजीकरण करा लिया है, लेकिन सिधौली के कर्मचारियों को परेशान करने के लिए यहाँ जानबूझकर प्रक्रिया को लटकाए रखा है। ष्क्ड मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाए, तुम क्या करोगे? रोजगार सेवकों का कहना है कि जब भी वे तकनीकी जानकारी या मानदेय के संबंध में अधिकारी से मिलने जाते हैं, तो उन्हें अपमानित कर कक्ष से भगा दिया जाता है। आरोप है कि अधिकारी खुलेआम कहती हैं, ष्जब जिलाधिकारी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाए, तो तुम लोग क्या कर लोगे? बस हाय–हाय करो।ष साथ ही, उन्होंने कर्मचारियों को श्होली बेरंगश करने की धमकी भी दी है। पुराना है भ्रष्टाचार का इतिहास यह पहली बार नहीं है जब उक्त अधिकारी विवादों में रही हों। इससे पूर्व 09.09.2024 को मछरेहटा ब्लॉक में भी भ्रष्टाचार की जांच में वे दोषी पाई गई थीं, लेकिन कड़ी कार्रवाई के बजाय उन्हें केवल जिला मुख्यालय से संबद्ध कर छोड़ दिया गया। 30 दिसंबर 2025 को निरीक्षण के दौरान उपायुक्त महोदय ने भी उनकी कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए संविदा समाप्ति का नोटिस देने का निर्देश दिया था, जिस पर अब तक अमल नहीं हुआ। कार्य बहिष्कार की चेतावनी भ्रष्टाचार और उत्पीड़न से तंग आकर समस्त ग्राम रोजगार सेवकों ने दो टूक चेतावनी दी है कि जब तक भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती, वे योजना के समस्त कार्यों से विरक्त रहेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी विकासखंड प्रशासन की होगी। प्रमुख मांगें भ्रष्ट एवं हठधर्मी अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई। पिछले 8 माह से लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान। अधिकारियों द्वारा किए जा रहे मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न पर रोक।

# सफेदपोशों की 'दबंगई' में दम तोड़ती नहर- हिंद हॉस्पिटल ने किसानों के हलक पर रखा पैर, क्या बंजर होगी हजारों बीघा जमीन?

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया–सीतापुर। सत्ता और रसूख के नशे में चूर शहिंद हॉस्पिटलश के प्रबंधन ने मानवता को ताक पर रखकर अब अन्नदाताओं के पेट पर लात मारना शुरू कर दिया है। सिधौली विकासखंड के अटरिया में स्थित इस आलीशान अस्पताल की बाउंड्रीवॉल के पीछे एक खौफनाक साजिश रची जा रही है.नहर का गला घोंटकर किसानों को कंगाल बनाने की साजिश! नहर पर लोहे का पहरारू विकास के नाम पर श्जल–डकैतीश अस्पताल प्रशासन ने अपनी सीमाएं सुरक्षित करने के नाम पर टिकौली माइनर से आने वाली नहर के प्रा.तिक प्रवाह पर लोहे की मोटी जालियां जड़ दी हैं। यह महज एक बाउंड्री नहीं, बल्कि जल–प्रवाह की श्हत्याश है। कचरा फंसने और जालियों की रुकावट के कारण पानी आगे बढ़ने का नाम नहीं ले रहा। प्रभावित गांवरू गुलरिया, कबरन, हीरपुर, रघुनाथपुर और मंदनापुर। नतीजारू नहर के अंतिम छोर (ज्पस) पर बैठा किसान आज आसमान की ओर टकटकी लगाए खड़ा है, जबकि उसका हक अस्पताल के लोहे के पिंजरे में कैद है। जमीन हड़पने का श्मास्टर प्लानश्रू पहले प्यासा मारो, फिर बंजर खरीदो! स्थानीय ग्रामीणों का आरोप रोंगटे खड़े कर देने वाला है। किसानों का कहना है कि यह कोई तकनीकी खराबी नहीं, बल्कि एक सोची–समझी श्लैंड माफियाश स्टाइल रणनीति है। ष्योजना साफ हैरू नहर का पानी रोको, फसल बर्बाद करो, किसान को दाने–दाने के लिए मोहताज करो और जब वह टूट जाए, तो उसकी कीमती जमीन को औने–पौने दाम पर खरीदकर अस्पताल का साम्राज्य बढ़ा लो। चर्चा तो यह भी है कि रसूख के दम पर वर्षों पहले इस नहर का प्रा.तिक रास्ता तक बदलवा दिया गया था। क्या एक निजी संस्थान के लिए कुदरत और सरकारी नक्शे बदल दिए जाएंगे? सिंचाई विभाग का श्दोहरा चरित्रश्रू गरीबों पर बुलडोजर, रसूखदारों को श्सलामश? अटरिया में चर्चा आम है कि नियम सिर्फ फटेहाल किसानों के लिए हैं। आम आदमीरू अगर नहर के किनारे एक ईंट भी रख दे, तो विभाग श्अवैध अतिक्रमणश का ढोल पीटकर बुलडोजर ले आता है। हिंद हॉस्पिटलरू नहर का दम घोंट दिया गया, लोहे के जाल बिछा दिए गए, रास्ता मोड़ दिया गया, लेकिन सिंचाई विभाग की आंखों पर श्रसूख की पट्टीश बंधी है। सवाल लाजिमी हैरू क्या सिंचाई विभाग के अफसर हिंद अस्पताल के वेतनभोगी कर्मचारी बन चुके हैं? आखिर क्यों फाइलों को दबाकर हजारों बीघा जमीन को रेगिस्तान बनने दिया जा रहा है? जिम्मेदारों का श्गैर–जिम्मेदारानाश जवाब जब इस महा–घोटाले पर अटरिया क्षेत्र के सहायक अवर अभियंता तरुण त्रिवेदी से सवाल किया गया, तो उनका जवाब तंत्र की लाचारी (या मिलीभगत) को उजागर कर गया। उन्होंने कहा कि ष्नहर हिंद अस्पताल की पुलिया तक सुरक्षित है, आगे की जानकारी नहीं है। साहब से सीधा सवालरू क्या सरकार आपको सिर्फ अस्पताल की बाउंड्री तक की सुरक्षा के लिए तनख्वाह देती है? क्या अस्पताल के आगे बसने वाले दर्जनों गांवों के किसान भारतीय नागरिक नहीं हैं? या टिकौली माइनर का अस्तित्व अस्पताल की दहलीज पर खत्म हो जाता है? आंदोलन की



सुगबुगाहटरू अब आर–पार की लड़ाई! किसानों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही लोहे की जालियां हटाकर जल प्रवाह सुचारू नहीं किया गया, तो वे नेशनल हाईवे जाम करने और प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे। देखना शेष है कि सीतापुर जिला प्रशासन इन श्सफेदपोश दबंगोंश पर नकेल कसता है या फिर अन्नदाता की बर्बादी का तमाशा देखता रहता है।

# बेसिक शिक्षा विभाग लखनऊ द्वारा जारी द्वारा बाल उत्सव कार्यक्रम का सफल एवं गरिमामयी आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। बेसिक शिक्षा विभाग लखनऊ द्वारा जारी दिशा–निदेशों के क्रम में कार्यालय जिला बेसिक




शिक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा बाल उत्सव कार्यक्रम का सफल एवं गरिमामयी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री आशीष कुमार पाण्डेय एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी टूण्डलाधजिला नोडल मीना मंच सुश्री ज्योति पाठक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) श्री अजय कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया गया, मंच संचालन श्रीमती दीपमाला (मास्टर ट्रेनर) एवं ब्लॉक नोडल श्रीमती रीमा यादव द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। बाल उत्सव के अंतर्गत छात्र–छात्राओं ने मंच पर अपने जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों के विचार साझा किए। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक एवं सृजनात्मक चित्रकला प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्.ष्ट प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र–छात्राओं हेतु विभाग की ओर से भोजन एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई कार्यक्रम में मीना मंच से संबंधित सुंदर छायाचित्रों, मॉडलों एवं शैक्षिक गतिविधियों की आकर्षक पेंटिंग के साथ छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये। सभी अतिथियों ने पेंटिंग एवं प्रस्तुतियों का अवलोकन कर विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की जिला स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चयन बाल उत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों का चयन मंडल स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया है। चयनित विद्यार्थियों का विवरण निम्नवत है: अनुष्का उ०प्रा०वि० नागऊ वि०ख० फिरोजाबाद, पलक उ०प्रा०वि० नगला हरी सिंह वि०ख० मदनपुर, शालिनी उ०प्रा०वि० सुरैला वि०ख० एका, खनक पी०एम०श्री नगला शादी वि०ख० जसराना, प्रतिज्ञा उ०प्रा०वि० चितावली वि०ख० शिकोहाबाद, प्रियांशी कुमारी चौहान उ०प्रा०वि० दिनौली गोरवा वि०ख० खैरगढ़, दीक्षा उ०प्रा०वि० सेंदलाल वि०ख० खैरगढ़, निशा उ०प्रा०वि० संदलपुर वि०ख० खैरगढ़, सौम्या शर्मा के०जी०बी०वी० नगरक्षेत्र वि०ख० नगर क्षेत्र फिरोजाबाद, रश्मि कम्पो०वि० नगला बन्ना वि०ख० टूण्डला इसके अतिरिक्त मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती मनीषा रानी, श्रीमती सीमा रानी निमेष, श्री कौशलेन्द्र कुमार श्री मृदुल पाराशर, श्रीमती दीपमाला एवं श्रीमती रजनी को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विभागीय अधिकारियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें मंडल स्तर पर उत्.ष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करना रहा। बालच उत्सव के माध्यम से छात्र–छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया गया, जिसकी सभी उपस्थित जनों ने भूरि–भूरि प्रशंसा की।

# खाकी की आड़ में 'ब्लेड' का खेल: सीतापुर पुलिस ने दबोचा शातिर 'पुलिसिया' टप्पेबाज गिरोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जिले में राहगीरों को अपनी बातों के जाल में फंसाकर और फर्जी पुलिसिया रौब दिखाकर लूटने वाले एक बेहद शातिर अंतरजनपदीय गिरोह का सीतापुर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। एसपी अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में रामकोट थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने फिल्मी अंदाज में घेराबंदी कर गिरोह के 6 सदस्यों को गिरतार करने में सफलता हासिल की है। ऐसे बिछाते थे जालरू वर्दी का रौब और बातों की मिठास पकड़े गए आरोपी बेहद शातिर तरीके से वारदात को अंजाम देते थेरू पुलिस की वेशभूषारू गिरोह के सदस्य पुलिस जैसी वर्दी पहनकर चार पहिया वाहनों (बोलेरो) से चलते थे ताकि किसी को शक न हो। लिट के बहाने लूटरू अकेले जा रहे यात्रियों को यह कहकर गाड़ी में बैठाते थे कि वे पुलिस वाले हैं और उन्हें छोड़ देंगे। ब्लेड का कमालरू बातों में उलझाकर ये आरोपी ब्लेड से इतनी सफाई से जेब काटते थे कि पीड़ित को भनक तक नहीं लगती थी। पुलिस की बड़ी कार्रवाईरू घेराबंदी कर दबोचे गए अपराधी एएसपी आलोक सिंह और सीओ सिटी के नेतृत्व में रामकोट थाना प्रभारी पीयूष सिंह व क्राइम ब्रांच प्रभारी सतेंद्र विक्रम सिंह की टीम ने पिरई नदी पुल के पास जाल बिछाया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान इस प्रकार हैरू

सनी राजपूत (कन्नौज)
बृजेश (कन्नौज)
राजन उर्फ बेलुआ (कन्नौज)
ऋषभ गिहार (फर्रुखाबाद)
कुनाल (फर्रुखाबाद)
रोहित (कन्नौज)

बरामदगी और इनाम की घोषणा पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल होने वाली बोलेरो कार, 20,200 रुपये नकद (जिसमें 3,700 रुपये कटे हुए नोट हैं), 5 ब्लेड, एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों पर कानपुर, लखनऊ और हरदोई जैसे जिलों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। ष्यह एक पेशेवर गिरोह था जो भोले–भाले लोगों को निशाना बनाता था। इस बड़ी सफलता के लिए पूरी पुलिस टीम को 25,000 रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। ड्ड अंकुर अग्रवाल, एसपी सीतापुर।



# एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना में जलीय कृषि का किया जाएगा विस्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ । जल संरक्षण के साथ प्राकृतिक संसाधन की रक्षा एवं किसानों को बागवानी फसलों में नवीन ज्यादा आयपरक फसलों की आधुनिक खेती हेतु एकी.त बागवानी विकास मिशन योजना में चयनित 60 किसानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ .षि विज्ञान केंद्र पिलखी पर जनपद के प्रगतिशील किसान रामलेश मौर्य, हृदय नारायण सिंह, शिवनारायण राय, ओमप्रकाश चौहान, उमेश चौहान, अखिलेश यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्त द्वारा सभी किसानों एवं वैज्ञानिकों का स्वागत करते हुए बागवानी विकास मिशन योजना तथा मुख्यमंत्री औद्यानिक विकास योजना में स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, मशरूम उत्पादन तथा मखाना के साथ–साथ सिंघाड़ा, मखाना जलीय फसलों एवं अन्य कार्यक्रमों के प्राप्त लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी गई तथा किसानों से उद्यान विभाग से जुड़कर योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया गया। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि अब जनपद में तालाबों को जलीय फसलों से जोड़ना तथा मत्स्य पालन के साथ–साथ आय विस्तार हेतु मखाना और सिंघाड़ा का क्षेत्र विस्तार कराया जाना बीस हेक्टेयर में लक्षित है जिसमें इस प्रशिक्षण सत्र में विशेष जानकारी दिया जाएगा। चंदौली जिले से मखाना उत्पादक अजय पाडीया द्वारा बताया गया कि मखाना की खेती कैसे की जाए, कब बीज पड़ेगा ,कब उत्पादन आएगा तथा उत्पादन तक क्या–क्या सावधानियां बरती जाएगी, इसके बारे में प्रोजेक्टर पर विस्तार से किसानों को जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि चंदौली और कुशीनगर में व्यापक रूप से मखाना की खेती शुरू हो गई है तथा जनपद मऊ में इस वर्ष से 10 हेक्टेयर में किसानों के तालाबों पर मखाना का खेती उद्यान विभाग के सहयोग से प्रारंभ की गई है जिसके उत्पादन आने तक समय–समय पर विभाग द्वारा उनको सहायता और जानकारी प्रदान कराई जाएगी। कार्यक्रम में डॉक्टर जितेंद्र कुशवाहा द्वारा अपने संबोधन में ग्रीष्म ऋतु में कद्दू वर्गीय फसलों की खेती तथा विपरीत मौसम में पाली हाउस के माध्यम से ज्यादा मुनाफा हेतु शिमला मिर्च खीरा और टमाटर की खेती करने की पद्धतियों पर जानकारी दी गई। .षि विज्ञान केंद्र के डॉक्टर सुमित कुमार द्वारा पौध सुरक्षा, कीट व्याधि नियंत्रण, डॉक्टर प्रशांत देव द्वारा मृदा विज्ञान में पोषक तत्व प्रबंधन तथा डॉक्टर आकांक्षा सिंह द्वारा खाद्य प्रसंस्करण कार्यों में मखाना, सोया और सिंघाड़ा के प्रसंस्करण उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान रामलेश मौर्य द्वारा किसानों को अपने सोच के साथ–साथ कृषि व्यवहार में परिवर्तन करने की सलाह दी गई तथा उनके द्वारा बताया गया कि उनके यहां तीन प्रकार की गोभी वर्गीय फसलें,फ्रेंच बीन तथा प्याज ,लहसुन ,स्ट्रॉबेरी की खेती प्रगति पर चल रही है तथा इस वर्ष से वह विभाग के माध्यम से ड्रैगन फ्रूट भी लग रहे हैं , साथ ही अनुदान से प्राप्त ड्रिप सिंचाई और स्प्रिंकलर सिंचाई से उनकी लागत और जल में बचत पर्याप्त हो रही है जिसे सभी किसान अनुदान प्राप्त करते हुए उद्यान विभाग के माध्यम से अपना सकते हैं। कार्यक्रम में योजना प्रभारी अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया कि कल किसानों का फील्ड भ्रमण विभिन्न ग्राम पंचायत में कराया जाएगा तथा दूसरा प्रशिक्षण सत्र भी साठ किसानों का कल से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में उद्यान निरीक्षक अरुण कुमार यादव, विकासखंड प्रभारी चंद्रभान, सुनील कुमार गुप्त, बालजीत,अमरनाथ यादव सहित प्रशिक्षण ले रहे .षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रभान राम प्रधान चौधरी द्वारा किया गया।

# चार मादक पदार्थ तस्कर 99.5 ग्राम स्मैक डैली के साथ गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

शहजहांपुर–मीरानपुर कटरा । न्यूजवाणी से अनुराग कटरा पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए शाहजहांपुर व बरेली जनपद के चार मादक पदार्थ तस्करों को माल के साथ गिरतार कर लिया है। प्राप्त



जानकारी के अनुसार दिनांक 22 2.2026 को कटरा थाना पुलिस क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने जुर्म जरायम रोकथाम व वांछित अपराधी की तलाश में भ्रमणशील थी की मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 7रू10 पर हुलास नगला ओवरब्रिज के बराबर में सर्विस रोड पर चार नफर अभियुक्त योगेश मौर्य पुत्र दयाराम मौर्य मोहल्ला अफरीदी कस्बा कटरा सत्यवीर पुत्र मिढई लाल निवासी ग्राम लक्ष्मी प्रतापपुर थाना मदनापुर संजय पुत्र रामौतार निवासी ग्राम भीकमपुर थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली हरिशंकर पुत्र नरेश पाल निवासी थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली को जामा तलाशी के लिए रोका तो अभियुक्त गणों के पास से कुल मिलाकर 99.5 ग्राम स्मैक डैली बरामद हुआ। कटरा थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त योगेश सत्यवीर संजय व हरीशंकर ने पूछताछ में बताया है कि यह माल वह चारों लोग एक साथ अरशद मोहल्ला कायस्थान का रहने वाला है उसको देने जा रहे थे चारों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजी.त कर जेल भेज दिया गया है। गिरतार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह उप निरीक्षक सागर मानव उप निरीक्षक मनोज कुमार कांस्टेबल अंकुर कुमार नरेंद्र कुमार अंकित नेहरा योगेंद्र कुमार प्रवीण कुमार व संजीव कुमार शामिल रहे।

# गाजीपुर में प्रगतिशील ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सदस्यों के लिए 10 लाख का बीमा कैंप 25 फरवरी को

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर 24 फरवरी, 2026 (सू0वि0)– प्रगतिशील ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जनपद इकाई गाजीपुर द्वारा संगठन के सभी सदस्यों के लिए 10 लाख रुपये का बीमा कराने हेतु विशेष बीमा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप दिनांक 25 फरवरी 2026, बुधवार को प्रातः 10 बजे से डाकघर परिसर, गाजीपुर में आयोजित होगा। संगठन के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर सदस्यों से किए गए वादे के अनुरूप यह बीमा कैंप आयोजित किया जा रहा है। संगठन का उद्देश्य पत्रकार साथियों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में उनके परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके। सभी सदस्यों से अपील की गई है कि वे अपने ओरिजिनल आधार कार्ड के साथ समय से उपस्थित होकर बीमा प्रक्रिया पूर्ण कराएं। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह पहल पत्रकारों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है और भविष्य में भी सदस्यों के कल्याण हेतु इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। संगठन के इस निर्णय से जनपद के पत्रकारों में उत्साह का माहौल है तथा इसे पत्रकार हित में एक सराहनीय पहल माना जा रहा।

# अपराध के खिलाफ खीरी पुलिस का 'ऑपरेशन क्लीन'

## –थाना प्रभारी निराला तिवारी और चौकी प्रभारी संजय यादव की जुगलबंदी ने तोड़ी अपराधियों की कमर

न्यूज वाणी ब्यूरो



खीरी । टाउन खीरी किसी भी समाज की उन्नति के लिए सुरक्षित वातावरण का होना पहली शर्त है। जहाँ भय का वास होता है, वहाँ विकास की धारा थम जाती है। लेकिन जनपद के खीरी थाना क्षेत्र में इन दिनों तस्वीर पूरी तरह बदली हुई नजर आ रही है। पिछले कुछ समय में यहाँ अपराध का ग्राफ न केवल गिरा है, बल्कि लगभग श्शून्यश के स्तर पर पहुँच गया है। इस सकारात्मक बदलाव के पीछे दो नाम प्रमुखता से उभरे हैं.खीरी थाना प्रभारी निराला तिवारी और खीरी चौकी प्रभारी संजय कुमार यादव। इन दोनों जांबाज अधिकारियों की कार्यशैली और रणनीतिक कौशल ने अपराधियों के मन में ऐसा खौफ पैदा किया है कि शातिर अपराधी या तो क्षेत्र छोड़ चुके हैं या फिर अपराध की दुनिया से तौबा कर चुके हैं। रणनीति ऐसी कि अपराधी हुए पस्त जब निराला तिवारी ने खीरी थाने की कमान संभाली, तब उनके सामने चुनौती केवल लंबित मामलों को सुलझाने की नहीं थी, बल्कि जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास बहाल करने की भी थी। उन्होंने कार्यभार संभालते ही श्जीरो टॉलरेंसश की नीति अपनाई। उनके साथ खीरी चौकी प्रभारी संजय कुमार यादव के जुड़ने से यह टीम और भी घातक साबित हुई। दोनों अधिकारियों ने मिलकर सबसे पहले बीट पुलिसिंग को मजबूत किया। उन्होंने क्षेत्र के चप्पे–चप्पे पर खुफिया तंत्र (मुखबिरों) का जाल बिछाया, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पुलिस तक अपराधी के योजना बनाने से पहले ही पहुँचने लगी। गश्त और सक्रियतारू सुरक्षा का नया मानक खीरी थाना क्षेत्र की जनता अब रात में चौन की नींद सोती है। इसका श्रेय जाता है इन अधिकारियों द्वारा शुरू की गई सघन गश्त प्रणाली को।

रात्रि गश्त थाना प्रभारी खुद देर रात तक संवेदनशील इलाकों का दौरा करते हैं।

चौकी प्रभारी की मुस्तैदीरू संजय कुमार यादव ने चौकी क्षेत्र के हर नुक्कड़ और चौराहे पर पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित की है।

एंटी–रोमियो स्क्वाडरू शिक्षण संस्थानों और बाजारों के आसपास मनचलों पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं, जिससे महिलाएं और छात्राएं खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। अपराधियों में श्दहशतश, जनता में श्राहतश अपराध मुक्त क्षेत्र का दावा केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर भी दिख रहा है। पिछले कुछ महीनों में लूट, डकैती, और चोरी जैसी वारदातों में अभूतपूर्व कमी आई है। हिस्ट्रीशीटरों की लगातार निगरानी और संदिग्धों की धरपकड़ ने अपराधियों के मनोबल को पूरी तरह तोड़ दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ष्पहले शाम ढलते ही सूनसान रास्तों पर चलने में डर लगता था, लेकिन अब पुलिस की गाड़ियां और सायरन सुरक्षा का अहसास दिलाते हैं। निराला तिवारी और संजय यादव की जोड़ी ने अपराधियों को संदेश दे दिया है कि यहाँ केवल कानून का राज चलेगा। सामाजिक पुलिसिंग और जनसंवाद केवल डंडे के बल पर अपराध कम नहीं होता, इसके लिए जनता का सहयोग भी जरूरी है। निराला तिवारी ने श्जनसंवादश कार्यक्रमों के माध्यम से सीधे नागरिकों से जुड़ने का प्रयास किया है। वहीं, संजय कुमार यादव ने युवाओं को नशे और अपराध से दूर रहने के लिए प्रेरित किया है। अवैध कच्ची शराब के धंधे और नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ की गई कठोर कार्रवाई ने क्षेत्र के युवाओं को बर्बाद होने से बचाया है। कई पुराने अपराधियों को मुख्यधारा में लाने के लिए उन्हें काउंसलिंग भी दी जा रही है। खीरी थाना क्षेत्र में आज श्कानून का इकबालश बुलंद है। निराला तिवारी की प्रशासनिक कुशलता और संजय कुमार यादव की जमीनी सक्रियता ने इस क्षेत्र को एक मॉडल थाना क्षेत्र के रूप में स्थापित कर दिया है। अपराधियों के पास अब केवल दो ही विकल्प बचे हैं.या तो वे अपराध छोड़ दें या फिर जेल की सलाखों के पीछे जाने को तैयार रहें। खीरी थाना प्रभारी निराला तिवारी और चौकी प्रभारी संजय कुमार यादव की कार्यप्रणाली अन्य थाना क्षेत्रों के लिए भी एक मिसाल है। इनके नेतृत्व में खीरी पुलिस ने साबित कर दिया है कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो और नेतृत्व ईमानदार हो, तो किसी भी क्षेत्र को श्अपराध मुक्तश बनाना असंभव नहीं है।

# फिरोजाबाद उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित से उनके कार्यालय में मुलाकात कर होली पर्व के .ष्टिगत विभिन्न समस्याओं को लेकर लिखित ज्ञापन सौंपा व्यापारियों ने की मांग कि होली के त्योहार के दौरान सदर बाजार क्षेत्र में फोर व्हीलर एवं ई–रिक्शा के प्रवेश पर रोक लगाई जाए हालांकि, इमरजेंसी सेवाओं एवं व्यापारियों के आवश्यक सामान से लदे वाहनों को छूट प्रदान की जाए ज्ञापन में यह भी अवगत कराया गया कि कोटला चुंगी चौराहा, क्लब चौराहा तथा नगला बरी चौराहा पर ऑटो रिक्शा चौराहों पर खड़े रहने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है अतः इन चौराहों पर ऑटो रिक्शा को कम से कम 100 मीटर दूरी पर खड़ा कराया जाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे इसके अतिरिक्त, होली के पावन पर्व पर मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की भी मांग की गई, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके ज्ञापन देने वालों में स्वतंत्र गुप्ता, नरेश पंजाबी, सुभाष यादव, रामगोपाल बजाज, मूलचंद राठौर, मुन्नालाल गोला, यादराम प्रजापति, अजीत लहरी, विकास लहरी, श्यामवीर यादव, हर्षवर्धन, धर्मेंद्र (मामा) सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से सरकारी चकमार्ग हुआ कब्जा मुक्त

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच 24 फरवरी। उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की जनसुनवाई में एक शिकायत प्राप्त हुई कि ग्राम अंबरपुर की गाटा संख्या 112 एवं 110 जोकि राजस्व अभिलेखों में सरकारी चकमार्ग के रूप में दर्ज है, पर अवैध कब्जा करके फसल बोई गई है। जिसके कारण ग्रामवासियों को अपने अपने खेतों पर आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है। शिकायत का त्वरित संज्ञान लेने वाली एसडीएम ने एसडीएम ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजकर स्वयं प्रकरण की मॉनिटरिंग की। राजस्व टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण एवं अभिलेखों के सत्यापन में चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण की पुष्टि होने पर एसडीएम के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर से जुताई कर सरकारी चकमार्ग को कब्जामुक्त कराया गया। प्रशासन की इस तत्पर कार्रवाई से ग्रामीणों को पुनः आवागमन की सुविधा सुचारु रूप से उपलब्ध हो सकी। उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने बताया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी भूमि, चकमार्ग अथवा सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में तत्काल नियमानुसार कार्रवाई अमल में लायी जाय।

# 26 से 28 फरवरी तक उत्तर क्षेत्रीय किसान मेला में लगेगा किसानों का कुम्भ

**– जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ल, उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश के किसान करेंगे प्रतिभाग**

**– किसानों के लिए फसल, फल–फूल, सब्जी व पशु प्रतियोगिताओं का निःशुल्क आयोजन व आकर्षक पुरस्कार।**

**– निःशुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन।**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा में तीन दिवसीय उत्तर क्षेत्रीय किसान मेला 26 फरवरी से शुरू हो रहा है । यह तीन दिवसीय उत्तर क्षेत्रीय किसान मेला .षि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया है। मेले का उद्घाटन प्रदेश के मा0 मंत्री, .षि, .षि शिक्षा एवं अनुसंधान, श्री सूर्य प्रताप शाही जी द्वारा अन्य सम्मानित जन प्रतिनिधि व देश के .षि के प्रबुध् वैज्ञानिकों के उपस्थिति मे किया जाना सुनिश्चित है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. एस.वी.एस. राजू ने साझा की। साथ ही प्रो0 राजू ने बुंदेलखड क्षेत्र के सभी किसान भाईयो व आम जन मानस से अनुरोध किया हैं कि अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्रीय किसान मेले (त।थ) में भाग लें और .षि की आधुनिकतम तकनीकों की जानकारी हासिल करें। मेले के उद्घाटन समारोह में गौसेवा आयोग, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री श्याम बिहारी गुप्ता, विधायक सदर श्री प्रकाश द्विवेदी व विधायक, नरैनी श्रीमती ओममणि वर्मा भी उपस्थित रहेंगी। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार, प्रो0 एन0 के0 बाजपेयी ने बताया कि मेले में .षकों, .षि उद्यमियों व अन्य हितधारकों को .षि एवं .षि से सम्बन्धित नवीनतम .षि तकनीकियों को एक मंच पर साझा करने का अवसर प्रदान करेगा। प्रो0 बाजपेयी ने बताया कि किसानों के लिए मेले में उन्नति किस्म के बीज, खाद, .षि रसायन, .षि उत्पाद, मूल्य संबर्धित उत्पाद, पशु आहार, व अन्य उपयोगी .षि समाग्री भी विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा मेले में मिलेट से बने विभिन्न मूल्य संवर्धित उत्पाद, पारंपरिक हस्त शिल्प एवं विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा बनाये गये सजीव माडल मेले में प्रदर्शित होंगे। मेले में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के विभिन्न राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय महत्व के शोध संस्थानो द्वारा .षि व अन्य उपक्रमो के विकसित तकनिकियो का प्रदर्शन किया जायेगा।



इसके अलावा मेले में गैर शासकीय (कृषि निवेशकर्ताओं, उत्पादकों व विक्रेताओं) तथा विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा 150 से अधिक स्टॉल लगाए जा रहे हैं। किसानों के लिए फसल, फल–फूल, सब्जी व पशु प्रतियोगिताओं का निःशुल्क आयोजन भी किया जायेगा जहाँ क्षेत्र के प्रगतिशील किसान अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर सकेंगे। बाँदा के संयुक्त निदेशक डा0 एल.बी.एस. यादव ने भी इस क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी आदान निर्माताओं व बिक्रेताओ के स्टाल लगाने के आदेश दिये हैं। साथ ही .षि विभाग भी इस मेले में अपनी सक्रिय भागीदारी से मेले को कृषकोपयोगी बनाने में पूरा सहयोग कर रहा है जिससे राज्य की समस्त कृषि नीतियों का प्रचार–प्रसार हो सके। कृषि विश्वविद्यालय, बाँदा के जनसम्पर्क अधिकारी, डा0 धीरज मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय में लगने वाले किसान मेला परिसर मे मेले की तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। अधिक जानकारी के सहायक निदेशक प्रसार डा. बी. के. गुप्ता से 8840283165 अथवा डा. पंकज कुमार ओझा से 7355373981 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# टश्प टेन इनामिया गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों पर करें कड़ी कार्यवाही-पलाश बंसल

## -एसपी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शासन की जीरो टॉलरेन्स की नीति के क्रम में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाए जाने तथा जनपद में शातिं एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आगामी होली, नवरात्रि, ईद–उल–फितर आदि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा आज दिनांक 24.02.2026 को जनपद के राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा सतर्क रहकर कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए गए । अपराधों की समीक्षा में सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थानाध्शाखा प्रभारियों को निम्नलिखित बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए– आगामी त्योहारों के .ष्टिगत आवश्यक दिशा–निर्देश– पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी होली, नवरात्रि, ईद–उल–फितर त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि इस समय बाजारों में खरीददारी के लिए काफी भीड़ रहेगी विशेषकर सर्राफा, बर्तन और कपड़ों की दुकानों पर महिलाएं बड़ी संख्या में खरीददारी करने जाती हैं, इसके .ष्टिगत बाजारों में महिला पुलिसकर्मियों सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगाया जाए साथ ही सादे वस्त्रों में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाए। प्रभावी प्रिवेन्टिव कार्यवाही– उन्होने संगठित अपराधों तथा गिरोहबन्द अपराधों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश देते हुए आदेशित किया कि ऐसे अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट, गुण्डा एक्ट के तहत प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जाए साथ ही लगातार अपराधों में शामिल अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट



खोली जाए तथा जिला बदर की कार्यवाही की जाए । चोरी, नकबजनी, टप्पेबाजी जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण– समीक्षा बैठक में चोरी, नकबजनी तथा टप्पेबाजी जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु नियमित पैदल गस्त, वाहन चेकिंग बैंक चेकिंग के निर्देश दिए गए। उन्होने निर्देशित किया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में रात्रि मोबाइल पार्टी निरन्तर भ्रमणशील रहें साथ ही सूनसान स्थानों पर पीआरवी वाहनों का स्टॉप प्वाइंट बनाया जाए। विवेचनाओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण– लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा के क्रम में उन्होने निर्देशित किया कि लम्बित विवेचनाओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, सभी क्षेत्राधिकारी अपने–अपने सर्किल के विवेचकों का नियमित रुप से अर्दली रुम कर यह सुनिश्चित करें कि विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण हो । प्रभावी जनसुनवाई एवं शिकायतों का प्रभावी निस्तारण के निर्देश– समीक्षा बैठक में उन्होने सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को प्रभावी जनसुनवाई के निर्देश दिए और कहा कि शिकायतों का निस्तारण भौतिक होना चाहिए तथा शिकायतकतर्ता की संतुष्टि ही निस्तारण का आधार हो । थाने पर आने वाले लोगों से पुलिस का व्यवहार विनम्र हो तथा किसी से भी किसी प्रकार की अभद्रता क्षम्य नहीं होगी । उन्होने निर्देशित किया कि थाना स्तर या मुख्यालय स्तर पर प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों में जाँचकर्ता अधिकारी 24 घण्टे के भीतर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थिति का भौतिक निरीक्षण एवं निस्तारण सुनिश्चित करें। प्रभारी जन शिकायत प्रकोष्ठ नियमित रुप से इसकी निगरानी करें कि शिकायतों का प्रभावी निस्तारण हो । साइबर अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही – समीक्षा बैठक में उन्होने प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना तथा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि साइबर अपराधों की रोकथाम शासन की प्राथमिकताओं में से एक है, साइबर अपराधों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए । शासन की मंशा के अनुरुप उन्होने सभी थानों पर पृथक रुप से प्रशिक्षण प्राप्त उपनिरीक्षकों और आरक्षियोंध्महिला आरक्षियों को नियुक्त कर जनता की शिकायत सुनी जाय । महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के संबंध में निर्देश– पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण बांदा पुलिस की पहली प्राथमिकता है, सभी थाना प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए साथ ही महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी अभियोजन एवं पैरवी के माध्यम से अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए । उन्होने महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बृहद स्तर पर जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। अपराध समीक्षा बैठक से पूर्व पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक सम्मेलन कर पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुन उनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया उन्होने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि बैरक तथा मेस की मरम्मत की यदि आवश्यकता हो तो उसे ठीक कराएँ सुनिश्चित करें कि मेस ठीक तरह से संचालित हो । इस दौरान उन्होने कहा कि किसी भी पुलिस कर्मी कार्य सरकार से संबंधित या कोई भी व्यक्तिगत समस्या हो तो पुलिसकर्मी उनसे व्यक्तिगत रुप से मिल सकते हैं तथा किसी भी समय कॉल कर सकते हैं । पुलिसकर्मियों की समस्यायों का हर संभव निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा ।

# रमशा क्लिनिक में रुहानी रौनक, छह रोजा तरावीह मुकम्मल

## -हाफिज कमर आलम ने सुनाया कलाम-ए-पाक, डॉ. रजी के इंतजामों की हुई प्रशंसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी । टाउन (संवाददाता)। कस्बा खीरी के मोहल्ला सैय्यद वाडा स्थित रमशा क्लिनिक में चल रहे विशेष श्छह रोजा तरावीहश का बीते दिन अत्यंत श्रद्धा और अकीदत के साथ समापन हो गया। इस मुकद्दस मौके पर हाफिज–ए–कुरान हाफिज कमर आलम ने अपनी सुरीली और मखमली आवाज में छह दिनों के भीतर मुकम्मल कुरान शरीफ की तिलावत मुकम्मल की। समापन के अवसर पर मुल्क की तरक्की, अमन–चौन और भाईचारे के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। आध्यात्मिक माहौल में गूंजी कुरान की आयतें रमजान–उल–मुबारक के इस बरकत वाले महीने में छह रोजा तरावीह का आयोजन डॉ. रजी द्वारा किया गया था। शुरुआत से ही क्लिनिक परिसर में एक रूहानी माहौल बना रहा। हाफिज कमर आलम ने जिस तेजी और शुद्ध उच्चारण (तजवीद) के साथ कुरान सुनाया, उसने वहां मौजूद सभी नमाजियों का दिल जीत लिया। छह दिनों तक चले इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने शिरकत की और अल्लाह की इबादत में मशगूल रहे। इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ. रजी ने नमाजियों के लिए तमाम जरूरी इंतजाम किए थे। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कम समय में कुरान मुकम्मल करने की सहूलियत प्रदान करना था, विशेषकर उन लोगों के लिए जो अपनी व्यस्तताओं के कारण पूरे महीने की तरावीह नहीं पढ़ पाते। डॉ. रजी के इस धार्मिक और सामाजिक कार्य की पूरे कस्बे में सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और धार्मिक जागरूकता बढ़ती है। तरावीह मुकम्मल होने के बाद हुई अंतिम दुआ में मंजर देखने लायक था। नमाजियों की आंखों में अल्लाह के खौफ और शुक्रगुजारी के आंसू थे। हाफिज कमर आलम ने दुआ करते हुए कहा, ष्अल्लाह हमें कुरान की शिक्षाओं पर चलने की तौफीक अता फरमाए और हमारे कस्बे व मुल्क में अमन–ओ–अमान कायम रखे। इस रूहानी महफिल में कस्बे के कई गणमान्य व्यक्तियों, उलेमाओं और स्थानीय निवासियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में हाफिज कमर आलम को उनकी इस खिदमत के लिए डॉ. रजी और अन्य सहयोगियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। शिरकत करने वाले लोगों ने डॉ. रजी का शुक्रिया अदा किया कि उन्होंने इतने बेहतरीन ढंग से छह रोजा तरावीह का इंतजाम मुकम्मल कराया।

# होली से पहले गाजीपुर में मिलावट पर कार्रवाई, 5 नमूने लिएय 469.5 किलो खाद्य पदार्थ व तेल सीज

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर । 24 फरवरी, 2026 (सू0वि0)– आगामी होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य सें अभिसूचना आधारित प्रभावी विशेष अभियान चलाकर कुल–05 नमूना संग्रहित किया गया एवं नमूना संग्रह के पश्चात विभिन्न खाद्य पदार्थ के 469.5 किग्रा0 व 80.6 लीटर अनुमानित मूल्य रू0 83172ध– सीज किया गया तथा रंगीन बूदी का लड्डू, डोडा बर्फी 37 किग्रा0 अनुमानित मूल्य रू0 5250ध– मानव उपभोग हेतु अस्वाथ्यकर होने के कारण विनष्ट कराया गया। जिसमें टडवा मुहम्मदाबाद, गाजीपुर स्थित धर्मानन्द कुमार यादव के प्रतिष्ठान मेसर्स–श्री राधे स्वीट्स,रोल बतीसा का 01 नमूना, डोडा बर्फी का 01 नमूना,रोल बतीषा 83 किग्रा0 अनुमानित मूल्य 20750ध– एवं डोडा बर्फी 87.5 किग्रा0 अनुमानित मूल्य 21875ध– सीज कियागया, रंगीन बूदी का लड्डू 30 किग्रा0 अनुमानित मूल्य 4500ध– एवं डोडा बर्फी 07 किग्रा0 अनुमानित मूल्य 1750ध– मानव उपभोग हेतु अस्वाथ्यकर होने के कारण विनष्ट कराया गया। कुतुबपुर कासीमाबाद गाजीपुर स्थित श्रीमती बिन्दु गुप्ता के प्रतिष्ठान–मानस ट्रेडिंग कम्पनी मल्टी सोर्स इडिबल आयल (झंचस तिल वाणी ब्राण्ड) का 01 नमूना मल्टी सोर्स इडिबल आयल (झंचस तिल वाणी ब्राण्ड) 80.6 लीटर अनुमानित मूल्य 30680ध– सीज किया गया,स्टेषन रोड, जमानिया गाजीपुर स्थित विनोद कुमार गुप्ता के प्रतिश्ठान मेसर्स–गुप्ता



किराना, सूजी का 01 नमूना, सूजी 299 किग्रा0 अनुमानित मूल्य 9867 /– सीज किया गया। जमानिया कस्बा, जमानिया गाजीपुर स्थित गणेष प्रसाद के प्रतिष्ठान मॉ वैष्णो किराना स्टोर, इडिबल वेजिटेबल आयल का 01 नमूना संग्रहित नमूनें खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उ0प्र0 प्रेषित किये जा रहें है, जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# बजट 2026-27 जनसमर्पित और विकासोन्मुखी- नितिन अग्रवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो



खीरी । उत्तर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में वर्ष 2026–27 के बजट को ऐतिहासिक, जनसमर्पित और विकासोन्मुखी बताया। उन्होंने कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जिसे विशेष रूप से किसानों और युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण विकास, .षि क्षेत्र की मजबूती, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर और बुनियादी ढांचे का विस्तार है। उन्होंने बताया कि 25 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है। उत्तर प्रदेश आज निवेश, औद्योगिक विकास और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने, युवाओं को स्वरोजगार एवं रोजगार उपलब्ध कराने और गांव–शहर के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क निर्माण और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों को विशेष महत्व दिया गया है। इससे प्रदेश की विकास गति और तेज होगी तथा आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, सदर विधायक योगेश वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# न्यायालय के स्थगन आदेश की खुलेआम अवहेलना, पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। सिविल न्यायालय द्वारा 23 अगस्त 2022 को पारित स्थगन आदेश, जो 06 अप्रैल 2026 तक प्रभावी है, के बावजूद विवादित संपत्ति पर कथित रूप से दीवार ध्वस्तीकरण व अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बाद भी विपक्षी पक्ष ने जबरन कब्जे का प्रयास किया, सबसे गंभीर पहलू यह है कि घटना की लिखित सूचना थाना स्तर पर दिए जाने के बावजूद अब तक न तो प्रभावी कार्यवाही हुई और न ही न्यायालय के आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया गया। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। कानूनी जानकारों का कहना है कि न्यायालय के स्थगन आदेश की अवहेलना न केवल न्यायालय की अवमानना है, बल्कि यह आपराधिक .त्य की श्रेणी में भी आता है। ऐसे मामलों में पुलिस की यह वैधानिक जिम्मेदारी है कि वह तत्काल एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराए और यथास्थिति बनाए रखे। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि न्यायालय के आदेश ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आमजन न्याय की उम्मीद किससे करें? पीड़ित पक्ष ने उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप कर संबंधित थाना पुलिस की भूमिका की जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन न्यायालय की गरिमा की रक्षा और विधि–व्यवस्था बनाए रखने हेतु क्या ठोस कदम उठाता है।

# टूटी-फूटी केबल से दौड़ रहा करंट, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा बहराइच। विद्युत विभाग की घोर लापरवाही एक बड़े हादसे को दावत दे रही है। मामला अमवा हुसैनपुर का है, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमवा हुसैनपुर के निकट लगे बिजली के खंभे से विद्युत सप्लाई की केबल टूट–फूट की हालत में मात्र पाँच फीट ऊँचे लकड़ी के डंडों में बांधकर चलाई जा रही है। हैरानी की बात यह है कि इस जर्जर केबल पर करंट चालू है, जिससे किसी भी वक्त गंभीर अप्रिय घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि केबल नीचे की ओर लटक रही है, कई जगहों से कट–फट चुकी है और राहगीरों के संपर्क में आने का सीधा खतरा बना हुआ है। इस रास्ते से रोजाना ग्रामीण, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे गुजरते हैं। एक खंभा लगाकर सप्लाई को ऊँचाई पर व्यवस्थित किया जाना बेहद जरूरी है, ताकि लटकते तार किसी के संपर्क में न आएं और हादसे से बचाव हो सके। अमवा हुसैनपुर निवासी पंकज कुमार वर्मा, ठग्गू वर्मा, देवीदीन निषाद, रफीक, मेहंदी हसन और शकील आजम ने बताया कि यह समस्या कई दिनों से बनी हुई है। बार–बार ध्यान दिलाने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ, जिससे गांव में दहशत का माहौल है। इस संबंध में विद्युत विभाग नानपारा के एसडीओ से बात करने पर उन्होंने शीघ्र जांच कराकर समस्या के निदान का आश्वासन दिया है। अब देखना यह है कि विभाग कब तक मौके पर खंभा लगाकर जर्जर तारों को दुरुस्त करता है, ताकि किसी अनहोनी से पहले जान–माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# यातायात चेकिंग अभियान में 86 मोटरसाइकिलों का चालान 5 ई-रिक्शा सीज

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। सीमावर्ती कस्बा रुपईडीहा में यातायात व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में विशेष यातायात चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की सघन जांच की। चेकिंग के दौरान जिन वाहन चालकों के पास आवश्यक कागजात नहीं मिले या बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए गए, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान किया गया। थाना क्षेत्र की सभी प्रमुख चौकियों पर एक साथ अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत कुल 86 मोटरसाइकिलों का चालान किया गया। वहीं, चेकिंग के दौरान 5 ई–रिक्शा चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य जरूरी कागजात नहीं मिलने पर उनके वाहन सीज कर दिए गए। इस मौके पर थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत, चौकी प्रभारी निमिया जितेश सिंह, एसआई राहुल सहित थाने की पूरी पुलिस टीम मौजूद रही। पुलिस ने बताया कि यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# मानदेय बढ़ाने के लिए शिक्षा मित्रों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच । मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षामित्र के मानदेय बढ़ोतरी को लेकर विधानसभा में घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब शिक्षामित्र को 1 अप्रैल 2026 से 18000 रुपए मानदेय दिया जाएगा जो की शिक्षामित्र की जिंदगी में खुशहाली 9 साल बाद लौटी है उसके लिए मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को बहुत–बहुत धन्यवाद आज हम सभी शिक्षामित्रों की बहुप्रतीक्षित मांग–मानदेय वृद्धि–को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वीकार करते हुए ध्18,000 प्रति माह मानदेय को घोषणा की गई है। जिला अध्यक्ष शिव श्याम मिश्रा ने कहा कि यह समाचार सुनकर लम्बे समय से हताश एवं निराश शिक्षामित्रों के जीवन में नई आशा,उत्साह एवं सम्मान की भावना का संचार हुआ है साथ ही महिला प्रकोष्ठ तृप्ति सिंह ने कहा जिले में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें विधायक और एमएलसी लोगों का सम्मान कर जो मागे अधूरी है उनको पूरा करवाने का प्रयास पुनः चालू होगा संगठन अभी अपनी पैरवी चालू रखे रहेगा। जिला प्रभारी रिजवान अली ने कहा कि यह निर्णय शिक्षामित्रों के समर्पण,परिश्रम एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान है ु सभी शिक्षामित्र मुख्यमंत्री एवं शिक्षामन्त्री का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं। शिक्षामित्रों के पक्ष में पैरवी करने वाले सभी सांसद, विधायक, एम० एल० सी०, प्रिंट एवं इलेक्ट्रिक मीडिया के सभी पत्रकार बंधुओं, सभी माननीयों एवं राजनेताओं का सभी शिक्षामित्र हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। यह निर्णय हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष, गर्व एवं संतोष का विषय है।

# समीक्षा बनीं चैंपियन, मुस्कान अव्वल

## – खेल समारोह में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। पंचायत राज महिला महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा समारोह उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। खेल उत्सव में छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लेते हुए अपने खेल कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे समारोह के दौरान मैदान तालियों और उत्साह से गूंजता रहा। समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य एवं उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. रिपुदमन सिंह तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्यामलाल पाल द्वारा विजेता छात्राओं को पुरस्.त किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में समीक्षा ने उत.ष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ट्रैक प्रतियोगिता के अंतर्गत 50 मीटर दौड़ में नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं समीक्षा ने द्वितीय और अंशिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. रिपुदमन सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रो. चंद्रप्रभा, डॉ. दुर्गेश लता भगत, डॉ. रेखा दीक्षित, डॉ. रमाकांत राय, अमित कुमार, डॉ. डोली रानी, डॉ. श्वेता सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम को सफल।

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में ज्ञान की चमक बिखेरेंगे डा. एनके शर्मा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिले के .षि इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. एनके शर्मा आगामी दिनों में देश–विदेश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सम्मेलनों में शामिल होंगे। उन्हें कई प्रतिष्ठित आयोजनों में मुख्य वक्ता और विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित किया गया है, जो जनपद के लिए गौरव की बात है। डॉ. शर्मा 28 फरवरी को गाजियाबाद के एमएमएच कॉलेज में आईसीएआर–एनआरसी नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता करेंगे। इसमें वह अक्षय ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन विषय पर व्याख्यान देंगे। इसके अगले ही दिन, एक मार्च को वह ऑनलाइन माध्यम से आरएससी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी, सोलर फोटोवोल्टिक्स विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इसी दिन राजस्थान के राजकीय डूंगर कॉलेज, बीकानेर में भी उनका प्रस्तुतिकरण होगा। 6 से 8 अप्रैल के बीच हरियाणा के चरखी दादरी स्थित जेवीएमजीआरआर कॉलेज में आयोजित होने वाली चतुर्थ अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में वह मुख्य वक्ता की भूमिका में रहेंगे। इसके पश्चात 22 व 23 अप्रैल को बेंगलुरु के प्राइमस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी वह अपने विचार साझा करेंगे। उनकी इन उपलब्धियों पर सहयोगियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। तकनीकी सलाहकार समिति में मिली जगह शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुभव को देखते हुए कन्याकुमारी के समीप स्थित जेओवाई यूनिवर्सिटी द्वारा आगामी 26 मार्च को आयोजित एग्री इनोवा–2026 कार्यक्रम के लिए उन्हें नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है।



# एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## –जनसुनवाई में त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा मंगलवार को पुलिस कार्यालय में नियमित जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी



समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान एसएसपी ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा उनके प्रार्थना पत्र प्राप्त कर न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों से वार्ता कर शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण इटावा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित रहे, जिन्हें पुलिस प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया गया।

# उजरेहटा और सुरौली गांव में लगाया निःशुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। जनपद बाँदा के ग्राम उजेहटा और सुरौली स्थित श्री रामजानकी मंदिर परिसर के सौजन्य से मंगलवार को निःशुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्री रामजानकी मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर नेत्र जांच कराई। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के निरूप्रदेश सह संयोजक स्वतंत्र साहू (मरौली) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर में अनुभवी नेत्र चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई तथा .ष्टि संबंधी समस्याओं से ग्रसित लोगों को उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण अंचल में आंखों से जुड़ी बीमारियों की समय रहते पहचान कर उपचार की दिशा में कदम बढ़ाना तथा आमजन को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर के सफल आयोजन में उजरेहटा के रामनरेश सिंह भाजपा एवं मोहनपुरावा के राहुल नामदेव मंडल मंत्री भाजपा और ग्रामवासियों का सक्रिय सहयोग देखने को मिला।

# करदाता व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर दिए जाएं- बनवारी लाल कंछल

## -नगर इकाई की बैठक में बोले उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय अध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। करदाता व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर दिए जाएं उक्त मांग उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने नगर इकाई की फ्रेंड्स कॉलोनी में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहे उन्होंने आगे कहा कि संपूर्ण भारत में छोटे बड़े सात करोड़ व्यापारी कार्यरत हैं उनकी दुकान पर काम करने वाले 7 करोड़ कर्मचारी कल 14 करोड लोग प्रति परिवार पांच सदस्यों के हिसाब से 70 करोड लोगों को रोजी–रोटी देने का महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं ग्राम सभा एवं नगर पंचायत से लेकर देश एवं प्रदेश को अरबो रुपए का प्रतिवर्ष कर भुगतान करते हैं जिस देश की सभी योजनाएं चल रही हैं व्यापारियों को भी उचित लाभ देते हुए जीएसटी पंजी.त व्यापारियों का स्वास्थ्य बीमा सरकारी कर्मचारियों की भांति किया जाए जीएसटी पंजी.त व्यापारियों का दुकान जलने का एक करोड़ का बीमा किया जाए सरकार द्वारा वसूल किया जाने वाला ब्याज 18 प्रतिशत से घटकर 9: किया जाए विद्युत एवं गृह कार्य की कमर्शियल दरें घरेलू के दरें बराबर की जाएं उन्होंने सदस्यता के विषय में बताया कि जिले में या नगर में वही लोग पदाधिकारी बन पाएंगे जिन्होंने प्रांतीय सदस्यता ली होगी सभी लोग सदस्यता अवश्य लें बैठक को प्रमुख रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत कुमार



पांडे युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता भरथना अध्यक्ष प्रदीप पोरवाल रंजन जिला उपाध्यक्ष राजीव पाल युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे ने भी संबोधित किया बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने की बैठक का संचालन युवा जिला महामंत्री राघव यादव ने किया बैठक में प्रमुख रूप से जिला संगठन मंत्री अवधेश दुबे शहर महामंत्री विवेक गुप्ता शहर कोषाध्यक्ष दीपचंद जैन युवा जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव अंकुर शाक्य युवा शहर महामंत्री अनिल कुमार यादव युवा शहर कोषाध्यक्ष गोविंद .ष्णा भदोरिया युवा शहर उपाध्यक्ष अमित दुबे अश्वनी दुबे सचिन कुमार पीयूष वर्मा राहुल चौहान अरुण यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आगामी त्योहारों को लेकर ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्ती

## -यातायात पुलिस का विशेष चेकिंग अभियान, चालान भी किए

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनपद में सड़क सुरक्षा



और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार विशेष ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के निर्देशन में संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत प्रभारी यातायात सूबेदार सिंह द्वारा प्रमुख चौराहों और सड़कों पर सघन वाहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल ध्4000 के चालान किए गए। साथ ही वाहन चालकों को सख्त चेतावनी देते हुए शराब पीकर वाहन न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। प्रभारी यातायात ने बताया कि त्योहारों के दौरान सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ जाता है, ऐसे में दुर्घटनाओं की संभावना भी अधिक रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और आमजन सुरक्षित रह सकें। चेकिंग अभियान के दौरान कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार सहित यातायात पुलिस की टीम मौजूद रही और अभियान को प्रभावी रूप से संपन्न कराया। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि त्योहारों की खुशियों के बीच यातायात नियमों का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी लगातार जारी रखा जाएगा।

# बिजली चोरों पर विजिलेंस का शिकंजा, सुबह-सुबह छापे से मचा हड़कंप

## -छह उपभोक्ताओं पर मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत वितरण मंडल इटावा द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की गई। अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर उपखंड अधिकारी तृतीय गगन अग्निहोत्री एवं अवर अभियंता इन्द्रजीत पंडित ने विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त रूप से 33ध्11 केवी उपकेंद्र फ्रेंड्स कॉलोनी द्वितीय (पचावली) से पोषित क्षेत्र मोहल्ला अड्डा श्याम लाल में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने छह उपभोक्ताओं को अपने परिसरों में बिना वैध कनेक्शन, मीटर बाईपास और अतिरिक्त केबल के माध्यम से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। टीम ने मौके पर सभी मामलों की वीडियोग्राफी कर साक्ष्य संकलित किए और संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के तहत कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान संजू यादव पुत्र लोमन सिंह (बिना कनेक्शन), पुष्पेन्द्र पुत्र सोतान सिंह, श्यामा देवी पत्नी मान सिंह, रूबी पत्नी सतीश, समता देवी पत्नी राजीव तथा पुल्ली देवी पत्नी बालेस्वर को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इन सभी के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई। विभाग द्वारा कुल 11 किलोवाट का अवैध लोड पकड़ा गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और



दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी एक दंडनीय अपराध है, जिससे न केवल विभाग को आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि ईमानदार उपभोक्ताओं पर भी अतिरिक्त भार पड़ता है। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे वैध विद्युत कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें और मीटर या विद्युत लाइन से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें। ऐसा करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान लगातार जारी।

# मिशन शक्तिसे महिलाओं को किया जागरूक

## -इकदिल पुलिस ने दी सुरक्षा व हेल्पलाइन की जानकारी

## -सरकारी योजनाओं का लाभ लेने को किया प्रेरित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5.0 के अंतर्गत थाना इकदिल पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम ने थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को आपातकालीन स्थिति में उपयोग होने वाले महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए 112, एंबुलेंस सेवा के लिए 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181,



चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही टीम द्वारा महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना एवं छात्रवृत्ति योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, आत्मनिर्भर बनने और किसी भी समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने की सलाह दी। साथ ही उन्हें जागरूक करते हुए कहा गया कि सतर्कता और जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे मजबूत माध्यम है। इस अवसर पर मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं से अपील की गई कि वे दी गई जानकारी को अपने परिवार और आसपास के लोगों के साथ साझा करें, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक होकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें और सुरक्षित समाज के निर्माण में अपना योगदान दे।

# एआरटीओ प्रदीप कुमार पर रिश्वत के आरोप, सच्चाई पर सवाल

## -वायरल वीडियो से बढ़ी चर्चा, ठोस प्रमाण अब तक नहीं

## -आरोप-प्रत्यारोप के बीच नियम जागरूकता पर एआरटीओ का जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रदीप कुमार, एआरटीओ से जुड़ा एक मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। उन पर 5000 रुपये की रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया है, जिसके बाद सोशल मीडिया से लेकर आमजन के बीच विभिन्न तरह की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि, अभी तक इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसके आधार पर अधिकारी पर आरोप लगाए जा रहे हैं। लेकिन वीडियो के अवलोकन में कहीं भी स्पष्ट रूप से पैसे लेते हुए नहीं दिखाया गया है। ऐसे में बिना ठोस प्रमाण के लगाए गए आरोपों को लेकर कई तरह के सवाल भी उठ रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी की छवि को प्रभावित करने वाले ऐसे मामलों में तथ्यात्मक जांच आवश्यक मानी जा रही है। यह भी सवाल उठ रहा है कि यह मामला वास्तव में किसी अनियमितता से जुड़ा है या फिर किसी प्रकार की गलतफहमी अथवा साजिश का परिणाम है। प्रशासनिक अधिकारियों पर इस प्रकार के आरोप न केवल उनकी कार्यशैली, बल्कि पूरे विभाग के मनोबल को प्रभावित करते हैं। इस संबंध में एआरटीओ प्रदीप कुमार का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों को यातायात



नियमों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि चालान एक माध्यम है, जिससे लोगों को उनकी जिम्मेदारियों का अहसास कराया जा सके और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच ही सच्चाई सामने ला सकती है। साथ ही, जनता और प्रशासन के बीच आपसी विश्वास और सम्मान बनाए रखना भी आवश्यक है, जिससे व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# डीपीआरओ पर कार्रवाई की मांग तेज

## –कमलावती सिंह ने सीएम को लिखा पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि समाजवादी पार्टी सांसद के समधी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) बनवारी लाल का रिश्वत लेते हुए कथित वीडियो बीते दिनों वायरल हुआ था। मामले का संज्ञान लेते हुए प्रशासन द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गई थी, जिसमें एडीएम द्वारा की गई जांच में डीपीआरओ को दोषी पाया गया। जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। रोहित शाक्य ने बताया कि इस गंभीर प्रकरण को लेकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला कल्याण निगम अध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) एवं इटावा जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित करते हुए एक पत्र जारी किया है। पत्र में उन्होंने प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का उल्लेख करते हुए जनपद को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए भ्रष्टाचार में लिप्त डीपीआरओ के खिलाफ त्वरित और कठोरतम कार्रवाई करने की मांग की है। कमलावती सिंह ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि भ्रष्टाचार का इतना गंभीर मामला सामने आने के बावजूद अभी तक संबंधित अधिकारी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि उक्त अधिकारी की सेवानिवृत्ति 28 फरवरी 2026 को प्रस्तावित है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जनहित और सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी नीति के अनुरूप शीघ्र कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भाजपा नेताओं का कहना है कि भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई से ही आम जनता का विश्वास मजबूत होगा और शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता सुनिश्चित हो

# यूजीसी के विरोध में 8 मार्च 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो



लखनऊ । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर अनूप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में दिंनाक 24 फरवरी 2026 को एन सी सी, विकास नगर लखनऊ उत्तर प्रदेश कार्यालय पर यूजीसी कानून को लेकर प्रेसवार्ता एंव एक महत्वपूर्ण बैठक की गई, जिसमें सभी की सहमति से 8 मार्च 2026 को राम लीला मैदान दिल्ली में विशाल विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया उक्त प्रदर्शन में सभी संगठनों के संस्थापक और अध्यक्ष भी शामिल रहेंगे। संगठन के अध्यक्ष ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि यूजीसी जैसे काले कानून हमारे देश की एकता व अखंडता को तोड़ सकती है इसलिए इस कानून का राष्ट्रीय स्तर पर विरोध करना अनिवार्य है ताकि भारत देश की एकता बनी रहे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव पूर्व आईआरएस भारत सरकार ने कहा कि सवर्ण समाज को समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे किसी भी कार्यक्रम से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वोट बैंक की राजनीति में अंधा होकर सरकार यदि सवर्ण समाज के शोषण का कानूनी रास्ता बना दे, तो सवर्ण समाज चुप नहीं बैठेगा। डॉ. श्रीवास्तव ने याद दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मात्र दो सीटों वाली पार्टी से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में सवर्ण समाज– चाहे क्षत्रिय हों, ब्राह्मण हों, बनिया हों या कायस्थ इनका अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सवर्ण समाज की सहजता और राष्ट्रप्रेम को उनकी कमजोरी समझने की भूल सरकार को कभी नहीं करनी चाहिए। डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भाजपा अपनी इस भूल को सुधारते हुए इस विवादास्पद बिल को वापस (रोलबैक) ले लेती है, तो सवर्ण समाज इस गलती को भुला सकता है। अन्यथा, आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों तथा उसके बाद होने वाले सभी चुनावों में भाजपा को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है, क्योंकि अंततः जनता ही किसी भी राजनीतिक दल के भाग्य का निर्धारण करती है और भाजपा इस सत्य को अच्छी तरह समझती है। अंत में, श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज के साथ–साथ समस्त सवर्ण समाज के लोगों से अपील की है कि वे 8 मार्च 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में अपराह्न 12रू00 बजे आयोजित होने वाले यूजीसी रोल बैक महासम्मेलन में भारी संख्या में पहुंचें और इस अन्यायपूर्ण विनियम के विरुद्ध अपनी एकजुट आवाज बुलंद करें। उक्त में राष्ट्रीय सचिव व भारतीय एकता युवा मोर्चा संस्थापक दीपक लाल श्रीवास्तव, अंतरराष्ट्रीय सनातन परिषद संस्थापक एवं अखिल भारतीय कायस्थ महा सभा प्रदेश अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव, आनंद प्रकाश, दीवाकर खरे, अजय दीप, मिथिलेश श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव एवं समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/- में
कान्टेक्ट लैंस मात्र 350/- में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# बिरसा मुंडा सेवा विद्यालय में हुआ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

## – छात्र–छात्राओं को दिए स्वच्छता के टिप्स



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के चित्रांशनगर स्थित बिरसा मुंडा सेवा विद्यालय में मंगलवार को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रामरती नर्सिंग होम की छात्राओं के साथ पहुंचीं प्रबंधिका डॉ. प्रियंका पटेल ने विद्यालय के बच्चों को साफ–सफाई के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. प्रियंका पटेल ने कहा कि निरोग और स्वस्थ जीवन के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता बेहद आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को नियमित हाथ धोने, साफ कपड़े पहनने, आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा संतुलित आहार लेने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि छोटी–छोटी सावधानियां अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। नर्सिंग की छात्राओं ने भी बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी दी और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों को रजिस्टर, पेन, पेंसिल, कटर, रंग, बिस्किट और टॉफी सहित विभिन्न उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के आचार्य रामनारायण ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई।

# पंचायत भवनों में आयोजित होने वाली ग्राम चौपाल की तिथियां घोषित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कार्य की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए ग्राम में चौपाल आयोजित कर .षको से फीडबैंक प्राप्त किये जाने हेतु निर्देश दिया गया है। जिससे चकबन्दी योजना को पारदर्शितापूर्वक पूर्ण किया जा सके। ग्राम चौपाल के आयोजन से न केवल खातेदारों की समस्याओं का निराकरण होने बल्कि विवादों का निस्तारण हो सकेगा जिससे .षकों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। चकबन्दी वोजना के प्रति उनका विष्वास बढेगा, परिणामस्वरूप चकबन्दी प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण किया जा सकेगा। जनपद के उप संचालक चकबन्दी, बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी व चकबन्दी अधिकारी द्वारा 23 फरवरी से 28 फरवरी के मध्य अलग–अलग ग्रामों में पृथक पृथक अनिवार्य रूप से प्रचार–प्रसार के माध्यम से ग्राम चौपाल के आयोजन किया जाना है। निर्देशों के अनुपालन में जनपद में चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) व उप संचालक चकबन्दी की अध्यक्षता एवं बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, चकबन्दी अधिकारी सदर, खागा प्रथम व खागा द्वितीय की उपस्थिति में रोस्टर के अनुसार ग्राम चौपाल हेतु तिथि व स्थान नियत किया गया। जिसमें 25 फरवरी को तहसील खागा के ग्राम पंचायत शाहपुर तेल्हाई में उप संचालक चकबंदी सुनील कुमार की उपस्थिति में अपराह्न 03 बजे 04 बजे तक, 27 फरवरी को तहसील खागा के ग्राम पंचायत टेसाही खुर्द में मध्यान्ह 12 बजे एवं शाहजहांपुर सेलरहा में अपराह्न 02 बजे से बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी प्रदीप कुमार रमन की उपस्थिति, 25 व 27 फरवरी को तहसील सदर के ग्राम पंचायत सरकंडी एवं ललौली में चकबंदी अधिकारी सदर राजीव दत्त शर्मा की उपस्थिति में पूर्वाह्न 11 बजे से, 24 फरवरी को तहसील खागा के ग्राम पंचायत कूरा में अपराह्न 02 बजे से एवं 27 फरवरी को ग्राम पंचायत कासिमपुर में पूर्वाह्न 11 बजे से चकबंदी अधिकारी खागा अजय कुमार पोरवाल की उपस्थिति, 23 फरवरी को तहसील खागा के ग्राम पंचायत देवारा पूर्वाह्न 11 बजे से एवं 28 फरवरी को ग्राम पंचायत शाहजहांपुर सेलरहा में पूर्वाह्न 11 बजे से विनोद कुमार जैसल चकबंदी अधिकारी की उपस्थिति में किया जाएगा। समस्त ग्राम चौपाल ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में की जाएगी। यह जानकारी डिप्टी कलेक्टर/बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी प्रदीप कुमार रमन ने दी।

# संगठनात्मक अभियान में कार्यकर्ता निभाएं अपनी भूमिका : अन्नू



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा 25 व 26 फरवरी को एसआईआर का विशेष अभियान आयोजित है जिसको लेकर मंगलवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा पार्टी पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 10 फॉर्म–6 भरवाकर नव मतदाता पंजीकरण सुनिश्चित किया जायेगा, वहीं एएसडीडी सूची में सम्मिलित मतदाताओं में से पात्र व्यक्तियों का फॉर्म–6 अथवा फॉर्म–8 भरवाकर उन्हें पुनः अथवा संशोधित रूप में मतदाता सूची में सम्मिलित कराने का विशेष प्रयास किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा में बीएलए–1 एवं मण्डल अध्यक्ष अभियान को पूर्ण सफलता दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी के मंडल प्रशिक्षण वक्ताओं की प्रशिक्षण कार्यशाला 28 फरवरी को उद्यमिता पीठ चित्रकूट में आयोजित है जिसमें जिले के वक्ताओं के साथ ही कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सभी जिलों के वक्ता उपस्थित रहेंगे। संगठनात्मक कामकाजी बैठक में जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, जिला मंत्री कुलदीप भदौरिया, मनोज मिश्रा मनु, ओम मिश्रा, बलराम लोधी, रवि श्रीवास्तव सहित सूचना टोली उपस्थित रही।

# सड़क हादसे में घायल अधेड़ की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दो दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल 56 वर्शीय अधेड़ की इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह प्रयागराज में मौत हो गई। बताते चलें कि खागा कोतवाली क्षेत्र के आकिलपुर ऐराना निवासी स्व0 छेदीलाल का पुत्र क्षत्रपाल 22 फरवरी की दोपहर खागा कोतवाली के कटोघन टोल प्लाजा के समीप अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए हरदों अस्पताल ले गए। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। परिजन षव लेकर गांव आए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का विधायक ने किया शुभारंभ

## - विभागों व फर्मो ने स्टाल लगाकर जैविक व घरेलू उत्पादों को किया प्रोत्साहित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजनान्तर्गत न्यूट्री सीरियल घटक के अन्तर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का आयोजन 24 एवं 25 फरवरी को कृषि विज्ञान केन्द्र थरियांव में किया जा रहा है। मेले के प्रथम दिवस मंगलवार को किसानों का पंजीकरण प्रातः 9.30 बजे से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जहानाबाद विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल ने किया। कार्यकम में उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी नरोत्तम कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी अख्तर हुसैन, भूमि संरक्षण अधिकारी ई०ई०सी० खागा अमित कुमार, डॉ० जितेन्द्र सिंह, डॉ साधना वैश्य, .षि वैज्ञानिक, डा० जगदीश किशोर, डा० संजय




कुमार .षि विज्ञान केन्द्र सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी सहित अन्य अधिसंख्य कृषकगण कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम स्थल पर कृषि, कृषि रक्षा, उद्यान, रेशम, मत्स्य, ग्राम्य विकास विभाग, श्रम विभाग, दिव्यांग जन विभाग, नमामि गंगे, इको, बीज एवं खाद विक्रेता संस्थाओं के साथ स्वयं सहायता समूह व एफपीओ सहित विभिन्न फर्मों ने अपने स्टाल लगाकर प्रदर्शनी लगायी गयी। कृषि उत्पादों का कृषकों के मध्य प्रदर्शन कर जैविक एवं घरेलू उत्पादों का प्रोत्साहन किया। .षि एवं उससे सम्बद्ध विभागों ने अपने स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार .षकों के मध्य किया। कार्यक्रम में जादूगर के माध्यम से नहर कटान, फसलों की सुरक्षा, वन रोज से बचाव एवं श्री अन्न की फसलों की अधिक से अधिक खेती करने के बारे में नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से कृषकों को जागरूक किया गया। .षक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम के माध्यम से उन्नतशील खेती करने वाले .षकों के अनुभवों को अन्य .षकों के मध्य साझा किया गया एवं .षि वैज्ञानिकों द्वारा उन्नतशील खेती के बारे कृषकों को विस्तार से बताया गया।

# हत्या का प्रयास करने वालों पर मुकदमे का आदेश

## - 25 दिसंबर 2025 को घर में घुसकर किया था जानलेवा हमला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर पुलिस चौकी के पीछे रहने वाली महिला हसीना बानो पत्नी हबीबउद्दीन उर्फ बिक्कन के घर पर 25 दिसंबर 2025 को रात दस बजे मोहम्मद शमी पुत्र स्वर्गीय समीर, नदीम व मोहम्मद सलीम उर्फ भोली पुत्रगण मोहम्मद शमी, रफीक उर्फ लल्लू पुत्र स्व0 तसव्वर, मोहम्मद खालिद उर्फ बाबूजी व मोहम्मद आमिर उर्फ चांद बाबू पुत्रगण रफीक एवं फरहान पुत्र स्वर्गीय पप्पू निवासीगण आबूनगर प्रांशी नर्सिंग होम के पास व 4–5 अज्ञात साथियों के साथ अपने अपने हाथों मे लाठी डंडा, सरिया व तमंचा लेकर गाली गलौज करते आवेदिका के घर मे जबरन घुस आये और उसके पुत्र अमजद पर जान से मारने की नियत से फायर किया जो मिस हो गया। सभी ने लाठी डंडा व सरिया से अमजद के सिर व शरीर में कई वार किये। बचाने आए पति हबीबउद्दीन उर्फ़ बिक्कन को भी मारा। शोर सुनकर मोहल्ले के तमाम लोग आ गए तो सभी लोगों जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। भागने मे आरोपियों को भी चोटे आयी थी। पुलिस ने आरोपियों की एफआईआर दर्ज कर ली थी परन्तु आवेदिका की एफआईआर पुलिस द्वारा न लिखें जाने पर आवेदिका ने अपने वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान एडवोकेट व साथी अधिवक्ता शोएब खान एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर सुनवाई के दौरान आवेदिका के वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान व साथी अधिवक्ता शोएब खान





एडवोकेट ने इस घटना को क्रास केस होना बताया और सर्वोच्च न्यायालय की विधि व्यवस्थाएं प्रस्तुत कीं। क्रास केस की घटना की भी एफआईआर लिखें जाने को आवश्यक बताते हुए जोरदार तर्क प्रस्तुत किये। जिन्हे सुनने व विचार में लेने के बाद मुख्य न्यायिक मज़िस्ट्रेट आशुतोष सेकेण्ड ने प्रकरण मे अभियोग पंजी.त कर विवेचना किये जाने का आदेश पारित किया।

# संत गाडगे महाराज की धूमधाम से मनाई जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। प्रेमनगर कस्बा स्थित संत गाडगे कान्वेंट स्कूल परिसर में स्वच्छता के जनक



संत गाडगे महाराज की 150 वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक एवं मानव क्रांति पार्टी के संस्थापक चौधरी आर्यन मानव ने संत गाडगे महाराज एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। संचालन प्रधानाध्यापक सत्यवान चौधरी ने किया। अध्यक्षता करते हुए चौधरी आर्यन मानव ने संत गाडगे महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म वर्ष 1876 में महाराष्ट्र के अमरावती जनपद के दरियापुर तहसील अंतर्गत शेरगांव में हुआ था। उनका बचपन का नाम देबू था। पिता का नाम झींगराजी और माता का नाम सखुबाई था। वर्ष 1905 में उन्होंने समाज सेवा के लिए गृह त्याग कर दिया और जीवन भर शिक्षा, स्वच्छता और सामाजिक सुधार के लिए कार्य किया। उन्होंने बताया कि संत गाडगे महाराज ने अपने जीवनकाल में लगभग 65 संस्थाओं की स्थापना करवाई, जिनमें पाठशालाएं, धर्मशालाएं, गौशालाएं और अनाथालय शामिल हैं। वे शिक्षा को जीवन का आधार मानते थे और कहा करते थे कि घर की थाली बेच दो, पर बच्चों को शिक्षा से वंचित मत रखो। संत गाडगे महाराज अंधविश्वास और पाखंड के विरोधी थे तथा भजन–कीर्तन के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करते थे। वे अपने साथ झाडू और मिट्टी के बर्तन का टुकड़ा रखते थे, जिसे महाराष्ट्र में गडगा कहा जाता है। इसी कारण उन्हें गाडगे बाबा के नाम से जाना गया। जहां भी जाते, स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई करते थे, इसलिए उन्हें स्वच्छता का जनक कहा जाता है। चौधरी आर्यन मानव ने विद्यार्थियों के अनुशासन और प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में रमेश चंद साहू, पंकज चौधरी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, नजमा बेगम, दिनेश राजपूत, नीलम सिंह, चित्रक्षी राजपूत, गीता देवी, सुरेश सिंह, नेहा यादव, नूर सबा, रोहित द्विवेदी, संदीप अग्रहरि, नैन्सी अग्रहरि, राजेश साहू, सुनील पटेल एडवोकेट, राजेश तिवारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और संत गाडगे महाराज के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# देहदानी देवेंद्र प्रकाश गुप्त की मनाई द्वितीय पुण्यतिथि

## - सात देहदानियों ने भरे संकल्प पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा मरणोंपरांत वैश्य रत्न से सम्मानित तथा भारतीय दोसर वैश्य महासमिति द्वारा युग दधीचि सम्मान से सम्मानित देहदानी देवेंद्र प्रकाश गुप्ता की द्वितीय पुण्यतिथि मवइया स्थित वृद्धाश्रम में मनाई गई। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया गया। सात देहदानियों ने भी संकल्प पत्र भरे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्या द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं देहदानी स्व0 देवेंद्र प्रकाश गुप्त के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान आश्रम के वृद्धजनों ने भजन कीर्तन भी किया।



देहदान संकल्प पत्र भरने वालों को पटका पहनाकर स्वागत किया गया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने कहा कि देहदान से बडा कोई दान नहीं है। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के जिलाध्यक्ष अरूण जायसवाल ने कहा कि उनके जीवन की सादगी, उत्.ष्टता, समर्पण एवं विशाल व्यक्तित्व हम सभी के लिये प्रेरणा के अनन्य श्रोत बने रहेंगे। परिषद के युवा प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में एक देह का बडा महत्व हैं। मेडिकल कालेज में पढाई कर रहे मेडिकल छात्रों को देहदान से प्राप्त शरीर से अध्ययन करने में बडा सहयोग प्राप्त होता है। राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद गुप्ता ने कहा कि आज जिन सात लोगों ने देहदान के लिये संकल्प पत्र भरा है वह सभी बधाई के पात्र है। इस मौके पर वृद्वाश्रम की संचालिका नीतू शर्मा, परिषद के संरक्षक राम स्वरूप गुप्ता, संजय गुप्ता, बृजेश सोनी, नारायण गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता, आशीष गुप्ता, नैंसी गुप्ता, रज्जन गुप्ता, सानवी गुप्ता, वीरेंद्र यादव, शादाब अहमद, अमित गुप्ता, रज्जन गुप्ता, उमेश तिवारी, मो. गुड्डू राइन, राज गुप्ता, अशोक गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# मौसम के बदलते तेवर से सर्दी, जुकाम व बुखार के बढ़े मरीज

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। मौसम में



अचानक हो रहे बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर साफ दिखाई देने लगा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो में इन दिनों जुकाम, बुखार और जोड़ दर्द के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मंगलवार सुबह से ही अस्पताल परिसर में मरीजों की भीड़ जमा हो गई। पंजीकरण काउंटर पर लंबी कतारें लगी रहीं और चिकित्सकों को लगातार मरीजों का परीक्षण करना पड़ा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार मंगलवार को करीब दो सौ मरीजों ने चिकित्सकीय परामर्श लेकर दवाएं प्राप्त कीं। अधिकतर मरीज सर्दी–जुकाम, वायरल बुखार, गले में खराश और शरीर में दर्द की शिकायत लेकर पहुंचे। बच्चों और बुजुर्गों की संख्या भी उल्लेखनीय रही। बदलते मौसम में तापमान में उतार–चढ़ाव के कारण लोग तेजी से बीमार पड़ रहे हैं। चिकित्साधिकारी डॉ. सुभाष द्विवेदी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से प्रतिदिन सैकड़ों मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौसम परिवर्तन के समय विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। लोगों को चाहिए कि संतुलित और पौष्टिक आहार लें, ताजे फल–सब्जियों का सेवन करें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। सुबह–शाम ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े अवश्य पहनें। डॉक्टर ने सलाह दी कि बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाओं का सेवन न करें और लक्षण अधिक बढ़ने पर तुरंत अस्पताल में जांच कराएं। स्वच्छता का ध्यान दे, ताकि मौसमी बीमारियों से बचाव किया जा सके।

# इफ्तार व सहरी




सुन्नी हजरात

सातवें रोजे का इफ्तार 6.06 व आठवें रोजे की सहरी 5.10 मिनट पर करे।

शिया हजरात- सातवें रोजे का इफ्तार 6.16 व आठवें रोजे की सहरी 5.00 मिनट पर करे।

# बाइकों की भिड़ंत में अधेड़ की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम औढ़ेरा में सोमवार की षाम बाइकों की भिड़ंत में 51 वर्शीय अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख परिजनों ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हकीमपुर गांव निवासी स्व0 सुलेमान का पुत्र नफीस अहमद सोमवार की षाम बाइक से सामान लेने जा रहे थे तभी औढ़ेरा गांव के पास सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां हालत गंभीर होने पर परिजनों ने प्रयागराज के लिए रेफर करा दिया। घर वाले उसे इलाज के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। ,

# सड़क हादसों में दो किशोर समेत चार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान दो किशोर समेत चार लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली के संग्रामपुर सानी निवासी राजेष का पुत्र दुर्गेष ई–रिक्षा चालक है। सुबह वह प्याज लोड कर अपने छोटे भाई कृशणा के साथ जा रहा था। जैसे ही वह संवत के समीप नहर पुलिया के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे ई–रिक्षा पलट जाने से कृशणा घायल हो गया। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के काषीराम कालोनी निवासी पिन्टू का 15 वर्शीय पुत्र दीपांषु बाइक लेकर पेट्रोल डलवाने गया था। जब वह तांबेष्वरनगर स्थित मंडप मैरिज हाल के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे बाइक सवार षिवकरन पुत्र वीर बहादुर 42 वर्श निवासी राधानगर से टक्कर हो गई। जिससे दोनों घायल हो गए। इसी तरह औंग थाना क्षेत्र के षिवराजपुर गांव निवासी षिवषरन का 57 वर्शीय पुत्र सुनील कुमार बाइक से सामान लेने जा रहा था तभी औंग थाना क्षेत्र के मानिकपुर के समीप अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। उधर मलवां थाना क्षेत्र के चितौरा गांव निवासी गोवर्धन का 22 वर्शीय पुत्र छोटू बाइक लेकर मलवां की ओर आ रहा था तभी गांव के बाहर अचानक अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# बिपिन राज कान्वेंट स्कूल में हुई खेलकूद प्रतियोगिता

## – प्रतिभागी बच्चों को जेल पर्यवेक्षक ने किया पुरस्कृत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिपिन राज कान्वेंट स्कूल पनी में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लांग जम, रेस, म्यूजिक चेयर, क्रिकेट, बैडमिंटन, निबंध आदि में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का



प्रदर्शन दिखाया। खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अपराध निरोधक समिति के सचिव एवं जेल पर्यवेक्षक बिपिन बिहारी शरण मौजूद रहे। जेल पर्यक्षक बिपिन बिहारी शरण ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी बच्चों को प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान आने पर उनको पुरस्.त कर उनका उत्साहवर्धन किया। लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अभिताभ बिहारी शरन ने आए हुए अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अमिताभ बिहारी शरण, नमामि गंगे के संयोजक शैलेंद्र शरन सिंपल, कमलचंद वर्मा, राम किशोर गुप्ता, लीना श्रीवास्तव, शाइस्ता, शीबा खातून, प्रियंका श्रीवास्तव, इशरत, अंजली श्रीवास्तव, सदफ, हिमांशी, सर्वेश श्रीवास्तव, अब्दुल कुद्दूस, सुरेन्द्र पाठक, राजकुमार, अजय कुमार मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आकर किशोर की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम हाषिमपुर भेदपुर के समीप खेत से घर वापस लौट रहे 17 वर्शीय किषोर रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हाषिमपुर भेदपुर गांव निवासी वासुदेव का पुत्र ईश्वर खेत की ओर गया था। वापस लौटते समय जब वह रेलवे लाइन पार करने लगा तभी ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )